हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 नवंबर 2024




## आक्सीजोन के पास नदी में मृत मिला अधेड़

**राजनांदगांव।** शिवनाथ नदी तट मोहारा आक्सीजोन इलाके में एक अधेड़ मृत मिला। जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को मोहारा शिवनाथ नदी आक्सीजोन के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति ग्राम भोथीपारखुर्द तुलाराम 58 वर्ष के रूप में की गई है। बताया गया कि वह घर से लापता था। जिसका गुम इंसान दर्ज कराया गया था।

# एआई तकनीक की मदद से बच्चों को सिखा रहे रोबोटिक्स, जल्द इसी तकनीक से सरकारी स्कूलों में होगी साफ-सफाई व शिक्षकों की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एआई यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दखल आम जीवन में बढ़ता ही जा रहा है। इस नई तकनीक की मदद से अब सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने की शुरूआत भी हो गई है। जिले में जंगलपुर और सोमनी स्कूलों में एआई की मदद से रोबोटिक्स का पाठ बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। अब जल्द ही इस तकनीक का उपयोग शिक्षा विभाग में मॉनिटरिंग के लिए भी होने लगेगा। प्रदेश सरकार एक नए प्रोजेक्ट के तहत एआई की मदद से स्कूलों में साफ-सफाई, शिक्षकों की उपस्थिति सहित भोजन व्यवस्था जैसे कामों की सीधे मॉनिटरिंग इस तकनीक से करेगी।

### विद्या समीक्षा केंद्र के जरिए होगी मॉनिटरिंग, जल्द शुरुआत होने की संभावना

#### फोटो देखकर बताएगा एआई

मिली जानकारी के अनुसार विद्या समीक्षा केंद्र के जरिये संबंधित सरकारी स्कूल के प्राचार्य-प्रभारी को फोन से फोटो खींचकर इसमें अपलोड करनी होगी। एआई उस फोटो को देखकर यह तय करेगा कि सफाई हुई है या नहीं। इसके अलावा बच्चों को माध्यन्ह भोजन के तहत दिए जाने वाले खाने की भी तस्वीर अपलोड करनी होगी। एआई की मदद से यह तय किया जा सकेगा कि गुणवत्तायुक्त के साथ ही तय मेनु अनुसार भोजन दिया जा रहा है या नहीं।



#### रोबोटिक्स सिखा रहे

एआई की मदद से सोमनी एवं जंगलपुर स्थित सरकारी स्कूलों में बच्चों को रोबोटिक्स पढ़ाया जा रहा है।

- **पीएस बघेल,** जिला शिक्षा अधिकारी

#### कोर्स में भी होगा शामिल

एआई की बढ़ती डिमांड को देखते हुए शिक्षा विभाग न केवल इसका इस्तेमाल मॉनिटरिंग के लिए करने वाला है, बल्कि नए सत्र से इस तकनीक का पाठ भी सरकारी स्कूल के बच्चों को दिया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए अलग से कोर्स तैयार करने का काम चल रहा है। कोर्स तैयार होने के बाद शिक्षकों को भी इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। हालांकि शुरूआत दौर में बड़े बच्चों को ही इससे जोड़ा जाएगा।

उल्लेखनीय है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर आम जीवन में लोग अपना काम आसान बना रहे हैं। ऐसे में प्रदेश का शिक्षा विभाग भी इस नई तकनीक का उपयोग करने की दिशा में आगे बढ़ गया है। बताया गया कि जल्द ही सभी जिलों में विद्या समीक्षा केंद्र नामक इस सॉफ्टेवयर को भेजा जाएगा और उसके इस्तेमाल के लिए कहा जाएगा। इसकी मदद से जिलेभर में स्थित सैकड़ों-हजारों स्कूलों की मॉनिटरिंग रोजाना की जा सकेगी। वहीं कोई कमी होने पर एआई सुधार के लिए भी सुझाव स्कूलों को देगा। हालांकि अब तक इसको लेकर कोई लिखित आदेश या निर्देश जिला शिक्षा विभाग के पास नहीं पहुंचा है।

### तीन दिनों में होगा पूरा भुगतान, माला पहनाकर किया किसानों का स्वागत

# 62 हजार क्विं खरीदी के साथ बोहनी, पहली दफा उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सहित राजनांदगांव जिले में भी गुरुवार से धान खरीदी की शुरूआत कर ली गई है। पहले दिन जिले में 1471 किसानों से 62362 क्विंटल धान खरीदा गया। इन किसानों को अब तीन दिनों के भीतर धान का पूरा भुगतान भी कर दिया जाएगा। इधर पहली बार धान खरीदी के लिए तौल इलेक्ट्रॉनिक मशीन से किया गया। जिले के 96 में से 91 केंद्रों में पहले दिन के लिए टोकन जारी किया गया था। ज्ञात हो कि जिले में इस बार रिकार्ड 77 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट रखा गया है।

इधर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ढाबा सोसायटी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने खैरागढ़ जिले के अमलीडीहकला सोसायटी पहुंचकर किसानों से खरीदी की औपचारिक शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि मंगलवार तक जारी रही समिति प्रबंधकों की हड़ताल की वजह से उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की व्यवस्था नहीं हो पाई थी। ऐसे में बुधवार को दिनभर तैयारियों का दौर जारी रहा। गुरुवार को 91 उपार्जन केंद्रों में बोहनी के हिसाब से व्यवस्थाएं की गई थी। इन केंद्रों में पहली दफा इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल किया गया। इसके अलावा आधे पुराने एवं आधे नए बारदाने के सहारे खरीदी की गई। मदद के लिए टोन फ्री नंबर भी जारी किया गया है।

### मोहला-मानपुर में 159 किसानों से 6464 क्विंटल, खैरागढ़ में 47038 क्विंटल खरीदी





#### अध्यक्ष ने की किसानों से मुलाकात

धान खरीदी के पहले दिन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने भी चार उपार्जन केंद्रों का दौरा किया। खैरागढ़ जिले के अमलीडीह कला के साथ ही राजनांदगांव जिले में अमलीपारा, टोलागांव एवं बहियाटोला उपार्जन केंद्र पहुंचकर, उन्होंने धान खरीदी की औपचारिक शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत भी की।

#### सभी केंद्रो में रहेगी व्यवस्था

पहली बार जिले के सभी 96 केंद्रों में इलेक्ट्रिक तराजू से धान का तौल होगा। सभी केंद्रों को मिलाकर कुल तीन सौ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक तराजू का वितरण किया गया है, जहां तराजू, बारदाने व धान की पूजा कर धान खरीदी की शुरूआत की जाएगी। सभी केंद्रों में बिजली, पानी, कैप कवर सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही है। साथ ही खरीदी केंद्रों में प्राथमिक उपचार के लिए दवाई उपलब्ध भी रहेगी।

#### 79 दिन की खरीदी में टूटेगा रिकार्ड

इस बार धान खरीदी की शुरूआत गुरुवार 14 नवंबर से की गई है। यह सरकारी खरीदी आगामी 31 जनवरी तक लगभग 79 दिन तक चलेगी। हालांकि सरकारी आंकड़ों में जिले में किसानों से 77 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट रखा गया है, संभावना है कि इससे भी अधिक खरीदी जिले में की जाएगी। ऐसे में पिछले साल 70.08 लाख क्विंटल का रिकार्ड टूटने के साथ ही खरीदी का एक नया रिकार्ड जिले में स्थापित होगा।

#### माईक्रो एटीएम, बायोमेट्रिक थंब मशीन भी

धान बिक्री करने के लिए पहुंचने वाले किसानों को पहली दफा तत्काल दस हजार रुपए तक का भुगतान तुरंत लेने की व्यवस्था दी जा रही है। माईक्रो एटीएम की मदद से किसान 10 हजार तक का भुगतान ले सकेंगे, इसके लिए सभी उपार्जन केंद्रों में माईक्रो एटीएम उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके अलावा पिछले साल से लागू हुए थंब बायोमेट्रिक मशीन का उपयोग भी इस बार किया जाएगा। किसानों से खरीदी से पहले इस मशीन के जरिये एंट्री कराई जाएगी। वहीं इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी पहली दफा उपयोग के लिए केंद्रों में पहुंचाया गया है।

# ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन कार्य पर लगाया ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने उनसे लंबे समय से कराया जा रहे ऑनलाइन कार्यों को लेकर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आज से अपने मूल कार्य के अतिरिक्त समस्त ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य बंद करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ के बैनर तले राजनांदगांव जिले में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सीएमएचओ कार्यालय में एकत्रित होकर अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों द्वारा शासन के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन एवं क्रियान्वयन किया जाता है। मूल रूप से आरएचओ स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है। वर्तमान में इन्हें ऑनलाइन रिपोर्टिंग एवं एंट्री हेतु निर्देशित किया जा रहा है। जिसके कारण से राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन ठीक से नहीं हो पा रहा है।

**शासन के निर्देशानुसार होगी कार्रवाई :** इस मामले में जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने कहा कि यूनियन के माध्यम से ज्ञापन दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि उनका वर्क लोड ज्यादा है। वहीं ऑनलाइन कार्य के लिए वह एक्सपर्ट भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### ज्ञापन सौंपा, दी जानकारी



#### बैठक में लिया गया निर्णय

राजनांदगांव जिले में स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करने के पश्चात ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा समस्त ऑनलाइन कार्य एवं एंट्री बंद किए जाने का निर्णय लेते ज्ञापन दिया गया है। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन कार्य बंद किए जाने से आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल ऑनलाइन, डाटा इंट्री सहित अन्य कार्य प्रभावित होंगे।

#### मूल कार्य हो रहा प्रभावित

ज्ञापन सौंपने को लेकर संघ के जिलाध्यक्ष कौशल किशोर शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा हमें टेक्निकल नहीं माना जाता है। वहीं ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे उनके मूल कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कार्य के विरोध में प्रदेश में समस्त जिला के महिला एवं पुरूष ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा ऑनलाइन कार्य एवं एंट्री बंद किया जा चुका है। वहीं आज से राजनांदगांव जिले में ऑनलाइन कार्य बंद किया जा रहा है। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता समस्त प्रकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें ट्रेनिंग दिया गया है, उनसे यह काम कराया जाए।

## आज मोतीपुर काई तालाब में महाआरती

**राजनांदगांव।** मां संतोषी शंकर हनुमान मंदिर समिति द्वारा कल 15 नवंबर को सुबह 5 बजे 2100 दीपों के साथ भव्य आतिशबाजी के साथ मोतीपुर काई तालाब में मां गंगा की महाआरती होगी। मुख्य आयोजनकर्ता व पार्षद प्रतिनिधि मदन मंटू यादव ने बताया कि इस दौरान तालाब के किनारे लगे विद्युत पोल व वृक्षों को आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाया गया है। सुबह 5 बजे पर्यावरण की सुरक्षा को संकल्पित लेकर वार्ड की माताएं, बहनें, युवा, बच्चें बड़ी संख्या में शामिल होकर मां गंगा की महाआरती व दीपदान करेंगे। मां संतोषी, शिव, हनुमान मंदिर में पूजन व खीर प्रसादी का वितरण होगा।

# दीयो की रौशन से जगमगाया तट



**पहले ही दिन से भीड़ शुरू**

शिवनाथ नदी तट मोहारा में लोगों के मनोरंजन के लिए दर्जनभर छोटे-बड़े आधुनिक झूले एवं पारंपरिक रेहचुली झूला लगे हुए हैं। इसके अलावा सब्जी-भाजी, गन्ने, मिठाई, अस्थाई होटल, खिलौने सहित कई किस्म की दुकानें लगी हुई है, जहां आज पहले ही दिन से लोगों की बेहतर उपस्थिति देखी गई।

**राजनांदगांव।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जिले में लगने वाला सबसे बड़ा मेला शिवनाथ नदी तट मोहारा में गुरुवार से प्रारंभ हो चुका है। शुक्रवार को पूर्णिमा के अवसर पर भोर के समय से ही बड़ी संख्या में लोग शिवनाथ नदी तट मोहारा पहुंचेगे, जहां स्नान कर नदी में दीपदान किया जाएगा। यहां दीपों की जगमगाहट का आकर्षक नजारा बना रहेगा। दान-पुण्य के बाद लोग मेले का आनंद उठाएंगे।



# गांजा, ड्रग्स व शराब तस्करों पर करें सख्त कार्रवाई

### क्राइम मीटिंग में पुलिस कप्तान ने थाना व चौकी प्रभारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के पुलिस कप्तान मोहित गर्ग ने थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर अपराधों एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने सख्त निर्देश दिए। साथ ही महिला व बच्चों एवं बुजुर्गों से संबंधी शिकायत व रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करने एवं लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। नशीले पदार्थ, गांजा, ड्रग्स, अवैध शराब तस्करों पर सख्त कार्रवाई करने कहा गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग ने 13 नवंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभाकक्ष में राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं थाना व चौकी प्रभारियों की क्राईम मीटिंग ली।जिसमें कानून व्यवस्था



एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई एवं अपराधों पर नियंत्रण व आसामाजिक तत्वों, शराब व नशीले पदार्थों की खरीदी-बिक्री, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, चाकूबाजों पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए। हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों की लगातार चेकिंग करते रहने हेतु निर्देश दिया गया।

#### रात्रि पेट्रोलिंग की हिदायत

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने, समंन वारंट की समय पर तामिली एवं अपहृत बालिकाओं की बरामदगी हेतु ऑपरेशन मुस्कान के तहत करने के निर्देश दिए। नवा बिहान और जनजागरूकता के तहत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने हेतु कहा गया। शहर एवं जिले के सभी थाना व चौकी में लगे सीसीटीवी कैमरे को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में चौक-चौराहों में बल लगाकर संध्याकालीन व रात्रि पेट्रोलिंग लगातार किए जाने हेतु हिदायत दी गई। शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने जागरूक करने के निर्देश दिए।

### दिन का तापमान 31 पर, रात का पारा पहुंचा 17 डिग्री

# नमी की मात्रा में आएगी कमी, रात के साथ दिन के तापमान में भी होगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवंबर का दूसरा पखवाड़ा शुरू होने को है, लेकिन अब तक कड़ाके की ठंड देखने को नहीं मिली है। हालांकि कल से मौसम में नमी की मात्रा में कमी आने की संभावना जताई गई है। जिसके चलते ठंड बढ़ सकती है और रात के साथ ही दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी। अंचल में गुरुवार को अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस पर रहा।



मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 15 नवंबर के आसपास ही रात के तापमान में थोड़ी कमी आने से ठंड महसूस होगी। फिलहाल अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक रहेगा। मौसम में अभी थोड़ी ज्यादा नमी है। इस वजह से न्यूनतम तापमान में कमी नहीं आ रही है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण दक्षिण छत्तीसगढ़ में नमी आने लगी है। इसका असर बस्तर के कुछ हिस्सों में रहने के कारण रात का तापमान बढ़ने की संभावना है। हालांकि रायपुर और दुर्ग संभाग में इसका असर नहीं होगा। इधर मौसम में बदलाव के कारण सेहत पर भी असर दिखने लगा है। शहरी इलाको से लेकर गांव तक वायरल के मरीज बढ़ गए है, खासकर लोगों को गले में इंफेक्शन देखने को मिल रहा है।

#### 3-5 डिग्री तक गिरावट संभव

प्रदेश के वातावरण में नमी की मात्रा धीरे-धीरे कम हो रही है। जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, फिर भी मामूली गिरावट संभावित है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 16 नवंबर से न्यूनतम तापमान में थोड़ा ज्यादा गिरावट संभावित है। दिन का तापमान 3 से 5 डिग्री तक और रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक लुढ़क सकता है।







# स्कूलों में आनंद मेले का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला घोटिया के बच्चों ने गुरूवार को बाल मेला का आयोजन किया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाया गया। बच्चों ने खाने की वस्तु के स्टाल लगाए। शिक्षक एवं पालकों ने खरीदी कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, शिक्षक डीके खाड़े, लक्ष्मण भगत, देवेंद्र नागर ,धनराज वर्मा, विजेंद्र वर्मा, महेंद्र गायकवाड आदि उपस्थित थे।

प्राथमिक शाला उरईडबरी में बाल मेला का आयोजन किया गया। प्राचार्य रेखा देशलहरे ने बाल मेले की विशेषता एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षक ऋतुराज साहू, पदमा चंद्रवंशी, खेमिनबाई, कलिताबाई, सावित्री साहू, प्रेमबाई, हरेलियाबाई, नूतनबाई, रुखमणीबाई, दुलेश्वरी, ओमकार, रूपेशकुमार, हीरासिंह, गिरवर चंद्रवंशी, प्रीतम मारकंडे, तिजियाबाई, धनकुंवरबाई, सकीना, देवकुमारी, पदमा, खिलावन, उमेश कुमार, मनोहर, पुसऊराम सहित अन्य उपस्थित थे।

## बच्चों ने लगाया व्यंजनों का स्टाल

**अर्जुनी।** देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती प्राथमिक शाला सुखरी में बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में शिक्षकों, ग्रामीणों और बच्चों ने पं. नेहरू की पूजा अर्चना कर उनके जीवन, आजादी के आंदोलन में सहभागिता और आजादी के बाद देश के विकास में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर बाल मेला में बच्चों ने प्रधानपाठक सपना भारद्वाज, शिक्षिका सरस्वती साहू, गिरजा साहू के मार्गदर्शन में गुपचुप, बड़ा, भजिया, ढोकला, इडली, सूजी हलवा, गुलाब जामुन, अंकुरित अनाज, सूजी लड्डू का स्टाल लगाया। बड़ी संख्या में गांव के महिला पुरूषों ने स्टाल में पहुंचकर बच्चों द्वारा बेची जा रही खाद्य सामग्री का लुफ्त उठाया। इस दौरान बच्चों के पालकों की बैठक आयोजित कर उनसे बच्चों की अपार आईडी हेतु सहमति लिया गया।

**घुमका।** कन्या पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला का



आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दिलीप पटेल थे। अध्यक्षता सरपंच फूलमती वर्मा ने की। छात्राओं को अतिथियों ने बाल दिवस का महत्व बताया। कन्या पूर्व माध्यमिक शाला की छात्राओं ने स्टॉल लगाकर भेल, गुपचुप, चाट, भजिया, पकौड़ा ,चॉकलेट, बिस्किट का विक्रय किया। अतिथियों ने स्टाल पहुंचकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## पंडित नेहरू को किया याद

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में पं जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और स्टाल लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य आरके देवांगन, व्याख्याता आरडी देवांगन एवं चंद्रमणि वासनिक ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्राओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। शाला की सुमन, तुलसी, पारुल ने एकल गीत एवं तारिणी, याचना, भूमि, प्रियंका, दिशा, दिव्या और रागिनी ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जनजातीय गौरव को बढ़ाने वाली रंगोली एवं भित्ति चित्र का प्रदर्शन किया गया। आनंद मेला में छवि साहू ने काम्या, छवि, प्रियल, पुखराज, पल्लवी देवांगन, लक्ष्य निषाद, मयंक देवांगन, अभिषेक, रोशन, भानुप्रताप, रोमा साहू, रिमझिम देवांगन, माही, अमन, चंद्रहास, कमलकांत एवं ओझल ने व्यंजनों के स्टाल लगाए थे। संचालन अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर टीएल देवांगन, रेशमी साहू ,पवन सिन्हा, चंद्रा देवनाथ, हैपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर , अनुराधा खरे , एसके नेताम, कुंदन यादव आदि मौजूद थे।

## विद्या मंदिर में बाल मेला

**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया में गुरूवार को पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस मनाया गया। उपस्थित अतिथियों ने नेहरू एवं बच्चों के प्रति उनके स्नेह पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बाल मेला का आयोजन किया गया। छात्रों ने विभिन्न वस्तुओं के स्टाल लगाए। कार्यक्रम में प्राचार्य खेमराज सिन्हा, कोमल नारायण वर्मा, विद्यालय संचालक राजेश देवांगन, प्राचार्य रवि चंदन, लेखूराम श्रीवास, मनोज यादव कैलाश पटेल, सुरेश साहू ,सरगम गुप्ता, जोहित जंघेल, तुषार वैष्णव, जितेन्द्र सेन, रैमुन बंजारे, ज्योति जंघेल, पूजा साहू, देवकी जंघेल, रागिनी साहू, वर्षा जंघेल, सुधा जंघेल आदि शामिल हुए।







## निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम निर्धारित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन करते हुए निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

जारी कार्यक्रम अनुसार 20 नवम्बर तक दावा-आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि है। दावा-आपत्तियों के निपटारे की अंतिम तारीख 25 नवम्बर है। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर है। प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है। दावा-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तिथि निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि 4 दिसम्बर तक सॉफ्टवेयर में की जाएगी।

# आयुक्त ने कार्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नवागत नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा बुधवार को नगर निगम के सभी विभागों में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से रूबरू होकर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी लेकर जनता से जुडे कार्य प्राथमिकता से करने के साथ-साथ फाईलों का संधारण करने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा कार्यालय निरीक्षण के दौरान निगम के सभी विभागों में जाकर अधिकारी-कर्मचारियों से मिलकर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने डाटा सेंटर में कार्यरत कर्मचारियों से उनके कार्यों के बारे में पूछा। कर्मचारियों ने राजस्व डिमांड एंट्री, निष्ठा हाजिरी अन्य एंट्री कार्य करने की जानकारी दी। आयुक्त ने एंट्री प्रक्रिया देख कहा कि राजस्व जैसे महत्वपूर्ण एंट्री समय सीमा में पूर्ण करें। जिससे उसके अनुकूल वसूली की जा

### फाइलों के निराकरण के निर्देश

आयुक्त विश्वकर्मा लेखा शाखा, अभिलेख शाखा, स्थापना शाखा, लोककर्म, भवन अनुज्ञा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आवक जावक, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन कार्यालय के अलावा सभी विभागों में जाकर अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू हो उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने लेखा शाखा में फाईल एवं केश पंजी देख पंजी संधारण के संबंध में जानकारी ली। वहीं स्थापना शाखा में सर्विस बुक की जांच कर सेवा सत्यापन देख पेंशन प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने लोककर्म प्रधानमंत्री आवास, भवन नजूल की फाईले देख समय-सीमा में फाईलों का निराकरण के निर्देश दिए। आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि फाईलों का नियमित रूप से संधारण करें, नोट शीट में नंबरिंग तथा कव्हर फाईल में विषय इंद्राज कर व्यवस्थित रखे। अपने कार्यालय को अपने घर जैसा साफ-सुथरा व व्यवस्थित रखे। उन्होंने प्र. कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव से कहा कि पुरानी फाईलें रिकार्ड रूम में व्यवस्थित रखें, समय-समय पर हाजिरी रजिस्टर की जांच कराएं। उन्होंने कहा कि नगर निगम चूंकि जनता से जुड़ी संस्था है, इसे ध्यान में रखकर निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड के अलावा बिजली, पानी सफाई संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें।

# सम्मान पर समाज ने डॉ. यादव को दी बधाई

**राजनांदगांव।** लोक सांस्कृतिक संस्था दूध मोगरा के संचालक डॉ. पीसी लाल यादव को आंचलिक साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिए जाने वाला लाला जगदलपपुरी सम्मान 2024 प्रदान किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य के क्षेत्र में उनकी सेवा का प्रतिफल है।

श्री यादव का 40 से अधिक किताबें प्रकाशित हो चुकी है। उनके द्वारा बहुत सारे बाल कहानियां लिखी गई है। (हिंदी लोक संगीत) पंडवानी कथा गायन एक अध्ययन विषय पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से पीएचडी किया है। समय-समय पर अनेक मंचों से वहां सम्मानित हो चुके हैं। श्री यादव को सिंगदई सर्किल कोसरिया यादव समाज के सदस्यों व पदाधिकारी ने शुभकामनाएं दी।

अध्यक्ष विशारद यादव ने कहा डॉ. यादव को सम्मान मिलने पर यादव समाज में खुशी की लहर है। यादव समाज के गौरव यादव सदा नई-नई ऊंचाइयों को छुए, साहित्य के क्षेत्र में और यादव समाज का नाम रोशन करते रहे। उपाध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि डॉ. यादव बहुत अच्छे गीत भी लिखते हैं। उनके गीत समय-समय पर आकाशवाणी से सुनने को मिलता है। वे अपने सांस्कृतिक कला मंच में बहुत सुंदर अभिनय भी करते हैं। यादव को बधाई देने वालों में थनवर यादव, संतोष यादव, लालचंद यादव, भगवान सिंह यादव, कुशल यादव, शिवलाल यादव, बसंत यादव, मनोज यादव, चैतराम यादव, गीता यादव, गोवर्धन यादव एवं अन्य सदस्य शामिल थे। उक्त जानकारी पवन यादव ने दी।

## कौमी एकता दिवस पर रैली का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा कौमी एकता दिवस पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली का आयोजन प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कौमी एकता दिवस रैली के आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा कौमी एकता दिवस जन जागरूकता के लिए विभिन्न नारे लगाए गए। जिसमें से भाषा, वस्त्र, जातियां अनेक, एक हृदय है। भारत देश, कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है। स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य सभी जाति, धर्म, एकता समान है तथा आपस में सामंजस्य बनाए रखने हेतु संदेश दिया गया, ताकि संपूर्ण भारत समाज में एकता वह सौहाद्रता बनी रहे। कार्यक्रम में समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू, शालिनी सोनी, तारणी साहू एवं समाज कार्य विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## डांस स्पर्धा आज रामपुर में

**चिचोला।** रामपुर में युवा मित्र मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रिकॉर्डिंग डॉस स्पर्धा 15 नवंबर को रखा गया है। स्पर्धा के सामूहिक डांस में विजेताओं को क्रमशः 5001, 3001, 2001, 1001 रुपए, युगल डांस में 3001, 1501, 1001, 701, एकल डांस में 2001, 1501, 1001, 501 रूपए दिया जाएगा। यह जानकारी राजू मंडावी एवं एवन सेन ने दी।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



# गोयल दाल मिल, श्रीराधे मिनर्ल्स, फर्स्ट क्राय प्री स्कूल ने किया जीत से आगाज

## कलेक्टर और एसपी ने किया अग्रसेन प्रीमियर लीग का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रसेन प्रीमियर लीग शिवनाथ वाटिका में भव्य शुभारंभ समाजसेवी विनोद लोहिया, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, समाजसेवी संतोष अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि शरद अग्रवाल तथा अनुराग अग्रवाल भगवान अग्रसेन को दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

अंकुश अग्रवाल अध्यक्ष, तपन जिंदल सचिव, प्रतीक अगवाल कोषाध्यक्ष ने जानकारी देते बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिदिन तीन मैचो का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के पहले दिन पहला मैच गोयल दाल मिल विरूद्ध श्रीराम इण्डस्ट्रीज के बीच खेला गया। जिसमें गोयल दाल मिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का चयन किया। जिसमें राम इण्डस्टीज ने कुल 8 ओवर में 87 रन बनाकर 88 रनों का लक्ष्य गोयल दाल मिल को दिया, जिसे गोयल दाल मिल की टीम ने 5.2 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें कप्तान विजय गोयल ने अकेले 40 रन का योगदान केवल 15 गेद पर दिया। जिसके कारण उन्हें मैन आफ द मैच का खिताब भी दिया गया। दिन का दूसरा मैच फ्रर्स्ट क्राय (प्री स्कूल) विरूद्ध सुरेश ब्रदर्स खेला गया। जिसमें फ्रर्स्ट क्राय(प्री स्कूल) ने पहले गेंदबाजी का चयन किया तथा विरोधी टीम को निर्धारित ओवर में 71 रन पर रोक दिया तथा बल्लेबाजी करते फ्रर्स्ट क्राय(प्री स्कूल) की




टीम ने वैभव अग्रवाल (कल्ला) के शानदार बल्लेबाजी के दम पर लक्ष्य को मात्र 6 ओवर में हासिल कर जीत दिला दिया। तीसरा मैच अपना मार्ट विरूद्ध श्री राधे मिनरर्ल्स खेला गया। जिसमें राधे मिनरल्स ने पहले गेंदबाजी करते 73 रन पर रोक दिया तथा 6 ओवर में लक्ष्य को आसानी से जीत हासिल की। जिसमें कोर्णाक अग्रवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते 4 छक्के, 2 चौके की मदद से 37 रन बनाकर नाबाद रहे तथा मैन आफ द मैच की ट्रॉफी संजय अग्रवाल जिला कलेक्टर के हाथों से प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु मुख्य प्रायोजक सन ग्रुप के रचित शशांक अग्रवाल एवं अखिल भारतीय युवा सम्मेलन की युवा ईकाई ने जोरशोर से अपना योगदान प्रदान कर रही है। जिसमें विकास गोयल, आशीष अगव्राल, अमित अग्रवाल, निकुज सिंघल, सीए विनोद अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, कृष्णा लोहिया, भावेश अग्रवाल, अवंत अग्रवाल, सीए नमन पोददार, अतुल अग्रवाल, डॉ.शिरीष अग्रवाल, मयंक रूगंटा , गौरव अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, अमिल अग्रवाल, अंकित लोहिया, सौरभ सिंघल, सिद्धार्थ अगव्राल, आशुतोष अग्रवाल, वैभव अग्रवाल कर रहे। आज का मैच सुरेश ब्रदर्स विरूद्ध अपना मार्ट, गोयल दाल मिल विरूद्ध श्री राधे मिनरल्स एवं फ्रर्स्ट क्राय(प्री स्कूल) विरूद्ध श्री राम इण्डस्टीज के बीच मैच होना है। यह जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी राहुल अग्रवाल तथा नमन पोददार ने दी ।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में कृषक उन्नति योजना तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का काम 14 नवम्बर से प्रारम्भ हो गया। धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचे किसानों को मुंह मीठा कराकर और तौल बाट की पूजा अर्चना कर खरीदी की शुरूआत की गई। खरीदी केन्द्रों में आने वाले किसान में मेहनत का वाजिब दाम मिलने से खुश दिखे। जिले में सहकारी समितियों में बनाए गए खरीदी एवं उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए व्यापक प्रबंध किया गया हैं और सुविधाओं का ध्यान रखने साथ धान खरीदी पूरी पारदर्शिता और शासन के नियमों के दायरे में हो इसके लिये कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने पिपरिया, भूलाटोला और गोपालपुर धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आए किसानों से चर्चा की। कलेक्टर ने उनसे धान उपार्जन केंद्र में लाये गये धान की मात्रा, धान का उत्पादन, धान का समर्थन मूल्य इत्यादि के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने माइश्चर मीटर से धान की नमी भी जांच की। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा हेतु स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने हेतु छायादार स्थान, त्रुटिरहित धान खरीदी हेतु कांटा-बांट अथवा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का सत्यापन आदि का जायजा लिया और उपार्जन केंद्रों में कैप कवर, बारदाने की व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्र में उपस्थित रहकर धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने कहा। खरीदी की सतत निगरानी रखने और कोचियों, बिचौलियों पर अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने कहा। इस दौरान प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक पंजीयक रघुराज ठाकुर सहित नोडल अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## भारतीय राजनीति में दबाव समूह की अहम भूमिका : संगीता

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राजनांदगांव के राजनीति विज्ञान विभाग में प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में 8 नवंबर को प्रमिला गोकुलदास डागा महिला महाविद्यालय रायपुर की प्राचार्य डॉ. संगीता घई विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुई। उन्होंने भारतीय राजनीति में दबाव समूह की उपस्थिति एवं उसके प्रभाव पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। उन्होंने दबाव समूह के बारे में बताया कि इस समूह में हम अपनी मांग डिमांड के लिए कार्य करते हैं। यह समूह अमेरिका में शुरूआत हुई, यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में कार्य करते हैं। भारत जैसे देश में दबाव समूह ज्यादा बनते हैं। प्रशासनिक और राजनीतिक में ये प्रभावशाली कार्य करते हैं। ये व्यापार संघ में योगदान देते हैं और कृषि व्यवस्था के संचालन के लिए उनके हितों की मांग के लिए कार्य करते हैं। कार्यक्रम का संचालन संजय सप्तर्षि द्वारा एवं अतिथि वक्ता का परिचय डॉ. अंजना ठाकुर द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. अमिका बख्शी ने किया। इस व्याख्यान में विभाग के प्राध्यापक राजकुमार बंजारे एवं दीपक कुमार के साथ विभाग में एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं लाभांवित हुए।



# ईपीएफ की राशि का गबन, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री शिक्षण समिति के कर्मचारियों के ईपीएफ की राशि का गबन करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ब्रिजकिशोर सुरजन 63 साल निवासी चेयरमैन गायत्री शिक्षण समिति राजनांदगांव द्वारा आरोपी उत्तम विश्वास के विरूद्ध 4048806 रुपए गबन करने के संबंध में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर बताया कि गायत्री शिक्षण समिति के तत्कालीन हेड एकाउटेंट उत्तम विश्वास द्वारा संस्था के कर्मचारियों का ईपीएफ राशि को वर्ष 2019 से फर्जी दस्तावेज तैयार कर तथा फर्जी क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर विद्यालय के पंजाब नेशनल बैंक के खाता से 4048806 रुपए का गबन कर अपने एक्सिस बैंक तथा बैंक ऑफ बडौदा के एकाउंट में निजी उपयोग हेतु ट्रांसफर कर अपने एसबीआई खाता का क्रेडिट कार्ड का भुगतान करना बताया।

रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध 4 जून को थाना कोतवाली में धारा 408, 420, 467, 468, 471 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर आरोपी की लगातार तकनीकी सहायता एवं मुखबीर की सूचना पर पतासाजी कर 14 नवंबर को भिलाई-दुर्ग से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। थाना लाया गया, पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपराध कबूल करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। आरोपी घटना बाद लगातार फरार था, जिसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया गया।

# विद्यार्थियों ने सीखा ड्रोन बनाना



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मेनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर द्वारा ड्रोन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षक अतुल चक्रवर्ती एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को ड्रोन बनाने की पद्धति को सीखाते बताया कि ड्रोन आधुनिक विज्ञान की एक बड़ी खोज है। जिसके सहारे कई महत्वपूर्ण कार्य को सुगमतापूर्वक किया जा सकता है। ड्रोन के पार्ट्स, ड्रोन की कोडिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि देश के महत्वपूर्ण क्षेत्र जैसे मेडिकल, सेना, कृषि आदि विभिन्न क्षेत्रों में इसका प्रयोग कर हम रोजगार भी प्राप्त कर सकते हैं।

विद्यार्थियों द्वारा ड्रोन संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे गए। जिसका समाधान भी विद्यार्थियों को बताया गया। उक्त आयोजन में विमल शर्मा, मनीष सुराना एवं याददास साहू का विशेष सहयोग रहा। अंत में विद्यालय की ओर से अमित उत्तलवार द्वारा श्री चक्रवर्ती एवं उनकी टीम का साहित्य एवं श्रीफल से सम्मान करते आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

**न्यायालय विवाह अधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**
**फार्म "अ"**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री रिहान फरिश्ता पिता स्व. रफिक फरिश्ता निवासी कलेक्टोरेट के सामने पूनम स्कूल के पास जिला रायपुर एवं कु. किरण सिंह पिता स्व. श्री विजेन्द्र सिंह भारती निवासी शिव मंदिर रोड वार्ड नं. 17 तहसील छुईखदान थाना गंडई जिला खैरागढ़ ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 11 नवम्बर, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर **विवाह अधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### हादसे रोकने पशुओं को पहनाया रेडियम बेल्ट

**डोंगरगढ़।** मवेशियों से होने वाले हादसों को रोकने के लिए भगतसिंग वार्ड के युवा सारंग जैन, मयंक गुप्ता और दिनेश नामदेव ने लगभग 225 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया है ताकि पशुओं के सड़क पर बैठने से दुर्घटना न हो। उल्लेखनीय है कि वाहनो की रोशनी से रेडियम बेल्ट चमकता है जिससे चालक एलर्ट हो जाते है और दुर्घटना नहीं होती। इस सराहनीय पहल के लिए विकल्प एक प्रयास संस्था ने सारंग जैन, मयंक गुप्ता, दिनेश नामदेव को साधुवाद दिया है। यह जानकारी विकल्प संस्था के मनोज गुप्ता ने दी।

### जनजाति गौरव दिवस आज

**मोहला।** जिला मुख्यालय में आगामी 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तर पर जनजाति गौरव दिवस का आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान में रखा गया है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं, सेवाओं, कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने स्टॉल लगाया जाएगा। विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों से आदिवासी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने आदिवासी गौरव दिवस को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व का निर्वहन प्राथमिकता से करने निर्देशित किया है। इस मौके पर खंड स्तर पर छात्रावास, आश्रमों में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। विभागीय आश्रम, छात्रावास, एकलव्य विद्यालय में खेलकूद, निबंध, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, छात्रवृत्ति संबंधी जागरूकता, कैरियर काउंसलिंग, चित्रकार भाषा एवं जागरूकता रैली का आयोजन होगा।

### रबी फसल के लिए किसान पशोपेश में : श्रीवास

**राजनांदगांव।** किसान नेता निर्भयराम श्रीवास ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि खरीफ सीजन में बोए गए सोयाबीन की कटाई पूरी होकर हरूना धान की कटाई जोरो पर है और सोसायटी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में है। जबकि किसान प्रशासन के आदेशानुसार रबी फसल में धान नहीं बोए जाने के आदेश से पशोपेश में है। जबकि रबी सीजन के लिए किसानों के पास मुट्ठीभर भी खाद-बीज नहीं है। किसान नेता श्री श्रीवास ने कहा कि शासन-प्रशासन ने घटते भू-जल स्तर को देखते फसल चक्र अपनाने पर जोर दे रही है, जो कि उचित प्रतीत होता है, किंतु अधिकारियों के निष्क्रियता के चलते अगर समय पर किसानों को खाद-बीज उपलब्ध नहीं होगा तो फसल चक्र अपनाने की मंशा मात्र कागजों तक ही सिमट जाएगी। जबकि कृषि कार्य में नित नए प्रयोग करते पर्यावरण को संतुलित रखते किसानों की लागत कम, मुनाफा ज्यादा की मंशा लेकर मोदी और साय की सरकारें आगे बढ़ रही है। श्री श्रीवास ने कहा कि सोसायटी कर्मचारियों के जायज मांगों पर शासन-प्रशासन को आवश्यक रूप से ध्यान देना चाहिए।

### सामाजिक कार्रवाई की बात पर कहीं निकाला तो कहीं वसूली

# नाबालिग को खोजने के बजाय पीड़ित परिवार से वसूला 21 हजार रुपए का दंड

## जिले में सामाजिक ठेकेदारों का बोलबाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छह महीने से घर से निकली नाबालिग को तलाशने की जगह समाज ने तुगलकी फरमान जारी कर पीड़ित के परिवार से ही 21 हजार का दंड वसूल लिया हालांकि दो दिन पहले ही पुलिस ने बालिका को सकुशल बरामद कर आरोपी का जेल भेज दिया है लेकिन इस बीच समाज से बाहर निकालने की धमकी देकर 21 हजार लेने के मामले मे सामाजिक प्रतिनिधियों की संवेदनहीनता को लेकर आक्रोश है।

मामला शहर से सटे राजनांदगांव खैरागढ़ रोड पर बसे ब्लाक के एक गाँव का है जहाँ अप्रैल महीने में घर से बिना कुछ बताए निकली नाबालिग बालिका को तलाशने की जगह समाज के पदाधिकारियों ने पीड़िता के परिवार को ही समाज से बाहर नही निकालने के लिए 21 हजार का दंड ठोककर राशि वसूल लिया जबकि नाबालिग कहाँ है कैसे है किस हालात में है इसकी जानकारी पुलिस को भी नही मिली थी लेकिन समाज के कतिपय ठेकेदारनुमा पदाधिकारियों ने गुमशुदगी के तीन महीने बाद पीड़िता की विधवा मां और भाई सहित पूरे परिवार को नाबालिग की गुमशुदगी का जिम्मेदार ठहराते हुए समाज से बाहर नहीं करने के नाम पर 21 हजार रुपये का जुर्माना ठोक दिया। राशि मिलने के बाद इस बात का भी फरमान जारी किया कि समाज को भात खिलाना पड़ेगा।

### जनप्रतिनिधि रहे मौन

नाबालिग की वास्तविक स्थिति जानने थाने दर थाने भटक रहे परिवार से मुलाकात प्रतिनिधि की खैरागढ़ थाने में हुई जहां विवेचना अधिकारी के सामने नाबालिग की मां और भाई सहित एक रिश्तेदार ने बताया कि वे कमाने खाने ज्यादातर महाराष्ट्र के पूना में रहते है। तीज त्यौहार या अन्य किसी कारण से उनका मूल निवास आना जाना होता है। उन्होने बताया कि अप्रैल महीने में होली के बाद वो वापस जाने की तैयारी कर रहे थे उसी दौरान 4 तारीख को उनकी नाबालिग बिटिया बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई। आस पास परिजनों से पूछताछ और खोजबीन के बाद पता नही चलने पर 10 तारीख को थाने में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराए। पीड़ित परिवार ने बताया कि इसी दौरान समाज के परिक्षेत्रीय पदाधिकारियो ने गॉव में समाजिक बैठक की, सरपंच भी वहॉ मौजूद था जहॉ उनसे 21 हजार रुपये का अर्थदंड महज इस बात के लिए लिया गया कि जब तक नाबालिग नही मिलती उन्हें समाज से बाहर नही निकाला जाएगा हालांकि पुलिस ने दो दिन पहले ही बालिका को सकुशल बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बैठक में होगा सवाल जवाब

यह मामला मेरी जानकारी में नही है। संघ की आगामी बैठक में जिन पदाधिकारियो ने इस प्रकार का कार्य किया है उनसे सवाल जवाब किया जाएगा।

- **टीलेश्वर साहू,** अध्यक्ष जिला साहू संघ

### प्रेम विवाह के चलते हुक्का पानी किया बंद

ब्लाक के देवारीमाठ निवासी सुमन दास मानिकपुरी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत आवेदन देकर अपनी पीड़ा दर्ज कराते हुए कहा गांव के कुछ दबंग परिवार के लोगों ने उसके परिवार को बेटे के प्रेम विवाह की सजा देते हुए गांव से बहिष्कृत कर दिया है। सुमन दास ने बताया कि उसके बड़े बेटे योगेश ने मार्च 24 में गांव के ही युवती से प्रेम विवाह कर लिया जिसकी सजा के रूप में पहले 31 हजार का दंड लगाया लेकिन पूरा पैसा जमा नहीं करने के कारण 11 नवंबर को गांव में बैठक बुलाकर उसके पूरे परिवार को गांव से बहिष्कृत कर दिया है। किसी भी व्यक्ति से बातचीत करने, दुकान से सामान खरीदने, कृषि कार्य के लिए मजदूरों को रखने और यहां तक कि नाई, बरेठ और राउत की सेवा लेने से भी रोक दिया है। बहिष्कार के चलते आर्थिक, मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान सुमनदास ने शिकायत आवेदन में दोषियो पर कार्रवाही की मांग की है।

## दिग्विजय कॉलेज में मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर माविद्यालय राजनांदगांव में डॉ. होमी जे. भाभा की जयंती पर भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा एक समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. अंजना ठाकुर ने डॉ. भाभा के प्रेरणादायी जीवनी एवं उनके महान व्यक्तित्व की विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत में विभागाध्यक्ष डॉ. पीबी टॉक ने डॉ. होमी जे. भाभा के भौतिकी के प्रति रूझान को बताया और उनके भारत को परमाणु शक्ति बनाने में उनके योगदान को बताते छात्रों को प्रेरित किया।

तत्पश्चात वीवाईटी महाविद्यालय दुर्ग से सहायक प्राध्यापक कुसुमांजलि देशमुख ने कहा कि डॉ. भाभा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे और उनका व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। डॉ. एसके पटेल व सहायक प्राध्यापक लेखा प्रसाद उर्वशा ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता एवं क्विज का भी आयोजन किया गया था। जिसमें छात्रों ने भागीदारी दिखाई। छात्रों द्वारा भाषण एवं पीपीटी भी प्रस्तुत किए गए। डेब के छात्रों ने डॉ. भाभा के जीवन की सारगर्भित जानकारी दी। प्रतियोगिताओं के परिणाम की घोषणा, मंचस्थ निर्णायक डॉ. एसके पटेल द्वारा की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर, डॉ. प्रीति बाला टॉक, कुसुमांजली देशमुख, डॉ. एसके पटेल, लेखा प्रसाद उर्वशा, डॉ. आरके देशमुख शामिल थे।

## कोठार में खड़े ट्रैक्टर से गिरा मासूम, इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- बैलेंस बिगड़ने से गिरा नीचे, हुक से टकराया

खेती किसानी का काम निपटाकर कोठार में गाड़ी खड़ी करना वर्मा परिवार के लिये दुखों का पहाड़ लेकर आया जब सोमवार शाम को चार बहनों में सबसे छोटा 22 महीने का वैभव कोठार में खड़े ट्रैक्टर के पीछे हिस्से से ऊपर चढ़ने की कोशिश कर रहा था लेकिन बैलेंस बिगड़ने के कारण वह नीचे गिर पड़ा इस दौरान उसका सिर ट्राली का हुक फंसाने वाले टोंचन से टकरा गया।

रोने की आवाज सुनकर परिजन दौड़े भागे आये उसे उठाकर बाजार अतरिया के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहा उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। परिजन भिलाई के निजी अस्पताल पहुंचे जहा इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। घटना के समय मासूम वैभव का पिता अलख वर्मा पास के गांव गया था जानकारी मिलने के बाद वो सीधे बाजार अतरिया पहुंच गया था। जरूरी संसाधन जुटाकर भिलाई के निजी अस्पताल तक मासूम की जान बचाने पहुंचा लेकिन ऐसा नहीं हुआ और खेल खेल में जरा सी लापरवाही ने वर्मा परिवार का चिराग छीन लिया। सुबह पीएम बाद शव परिजनों को सौंपा गया दोपहर को मातमी माहौल में मासूम का अंतिम संस्कार हुआ।

## यूएपीए एक्ट की विवेचना के लिए कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 के तहत पंजीबद्ध प्रकरणों की विवेचना हेतु राजनांदगांव के पुलिस लाइन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों सहित इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर रैंक के पुलिसकर्मी शामिल हुए। राजनांदगांव पुलिस रेंज के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के निरीक्षक और उप निरीक्षकों को विधि-विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत पंजीबद्ध प्रकरणों की विवेचना हेतु प्रशिक्षित करने के लिए पुलिस संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राजनांदगांव पुलिस रेंज के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

### 80 पुलिस अधिकारी हुए शामिल

यूएपीए एक्ट के तहत पंजीबद्ध मामलों की विवेचना को लेकर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला में कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी सहित राजनांदगांव पुलिस रेंज के लगभग 80 पुलिस अधिकारी शामिल हुए।



### प्रभावी तरीके से प्रशिक्षण

कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षकों और रेंज के आईजी दीपक झा द्वारा विवेचना के दौरान आने वाली बारीकियां और दिक्कत को लेकर प्रभावी तरीके से कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला के अवसर पर आईजी दीपक झा ने बताया कि इस अधिनियम की विवेचना में कमियां पाई जाती है। उसे देखते हुए यह कार्यशाला आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला से विवेचना का स्तर बेहतर होगा।

### गैर कानूनी गतिविधियों को रोकने प्रशिक्षण

पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की कार्यशाला में इस अधिनियम के माध्यम से व्यक्ति और संगठनों की गैर-कानूनी गतिविधियों को प्रभावित तरीके से रोकने, संगठनात्मक नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने सहित अधिनियम से जुड़े कई बारीकियों को बताया गया।

## प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित




**राजनांदगांव।** छग राष्ट्रीय सनातन धर्म महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक समता कालोनी रायपुर में आयोजित की गई। उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ के सनातन धर्म के नवनिर्वाचित पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म अरूण मिश्रा व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर किया।

बैठक का संचालन करते प्रदेश अध्यक्ष पटाक ने प्रदेश के प्रमुख विषयों पर जानकारी देते सनातन धर्म को आगे बढ़ाने और प्रदेश पदाधिकारियों को प्रदेश में संचालित करने हेतु सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु धार्मिक रूपरेखा तैयार की गई। प्रदेश अध्यक्ष पटाक ने छत्तीसगढ़ के सभी सनातनियों से 16 नवंबर को सनातन धर्म संसद की दिल्ली में हो रही रैली व बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सनातनी बंधुओं को पहुंचने की अपील की है। बैठक में अरूण मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा, दिनेश पुरोहित, अरविंद ओझा, मनीषा बिसाहत व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी दिनेश पुरोहित ने दी।

## नाबालिग से कुकर्म, आरोपी पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिग को डरा-धमकाकर कुकर्म करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 10 नवंबर को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी द्वारा प्रार्थिया की नाबालिग बेटी को डरा-धमकाकर परिजनों की अनुपस्थिति में परिजनों व नाबालिग पीड़ता को जान से मारने की धमकी देकर किरायेदार के मकान में जबर्दस्ती लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहे। रिपोर्ट पर धारा 65(2), 64(2)(ड), 351(2), 332(ए), 115, 127 बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट भादवि अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

**घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा**


पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तत्काल चिखली पुलिस टीम तैयार कर पतासाजी किया गया। आरोपी को शंकरपुर में छिपने की पुख्ता सूचना पर दबिश दी गई। घेराबंदी कर आरोपी नवल किशोर वर्मा 40 साल साकिन शंकरपुर को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने व अपराध स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। बाद आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, सहायक उपनिरीक्षक इब्राहिम खान, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, प्रधान आरक्षक समारूराम सर्पा, आरक्षक मनोज जैन, सुनील बैरागी, बलराम ठाकुर, मोरध्वज देशलहरे, म.आर. कौशिल्या साहू व ज्योति साहू का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रही।

## प्रशिक्षु अधिकारियों ने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी मसूरी से आए अखिल भारतीय सेवा के प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी 7 दिवसीय जिले के भ्रमण के दूसरे दिन निगम सीमाक्षेत्र निरीक्षण के दौरान मोहड़ स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 18 एकड का एसएलआरएम सेन्टर तथा आशा नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों को देख हितग्राहियों से चर्चा की।

प्रशिक्षु आई.ए.एस. अधिकारी सर्वप्रथम मोहड स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीटमेंट की प्रक्रिया देख जानकारी ली। निगम के तकनीकि अधिकारी ने जानकारी दी कि शहर का गंदा पानी जो नाली व नाले के माध्यम से होकर मोहारा शिवनाथ नदी में आता था, उसे रोकने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया । प्लांट में उपचार प्रक्रिया में पानी से दूषित पदार्थो और प्रदूषकों को उपचार कर निकालते है, फिर इसे इस्तेमाल योग्य बनाते है। उक्त पानी का इस्तेमाल उद्यान, कृषि कार्य तथा निर्माण कार्य के लिए किया जाता है।



प्रशिक्षु अधिकारियों ने ट्रीटमेंट की विभिन्न पद्धति को देख मशीनरियों के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान 18 एकड स्थित एसएलआरएम सेन्टर में कचरा पृथककरण के संबंध में स्वच्छता दीदीयों से चर्चा की। दीदीयों ने बताया कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण किया जाता है, जिसे सेन्टर में लाकर गीला एवं सूखा कचरा पृथक करते है, गीला कचरा से खाद बनाते है और सूखा कचरा एकत्रित कर बंडल बांधकर विक्रय किया जाता है। जिससे आय प्राप्त होती है। प्रशिक्षु अधिकारियों ने अनुपयोगी समान से बने कलाकृतियों को देख एवं उनके कार्यो से प्रभावित होकर स्वच्छता दीदीयो की सराहना की।

शहरी क्षेत्र निरीक्षण की अंतिम कडी में प्रशिक्षु अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आशा नगर में बने आवासों का जायजा लेकर जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि आशा नगर में कुष्ट रोगी निवासरत है, जो पहले कच्चे मकान में निवास करते थे। जिससे उन्हें विभिन्न कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण होने से अब वे स्वयं का सर्वसुविधायुक्त आवास में निवास कर रहे हैं। उनकी सुविधा के लिए रोड, नाली, बिजली, पानी की भी व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने निवासरत हितग्राहियों से चर्चा कर उनके रहन सहन के बारे मे जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अनिमेश चंद्राकर व अनुप पाण्डे, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, मिशन क्लीन सिटी सह.प्रभारी पवन कुर्रे, पीआईयू देवेश साहू व कीर्तन साहू, प्रधानमंत्री आवास योजना के श्रीमती सोनम पालिया, अंकुर मिश्रा व ललित मानकर उपस्थित थे।

## चिखली में सामाजिक सम्मेलन आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की राजनांदगांव महानगर इकाई द्वारा सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। दीनदयाल नगर चिखली स्थित सामाजिक भवन में रविवार को आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में उक्त निर्णय लिया गया।




समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव एवं सचिव पूनाराम यादव ने पदाधिकारियों एवं स्वजातीयजनों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात समाज की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों को प्रांतीय कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र (आई कार्ड) का वितरण किया गया। इसके बाद समाज के महामंत्री सुदेश यादव ने आगामी जनवरी-फरवरी माह में समाज द्वारा सामाजिक सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। उक्त कार्यक्रम में युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा आदर्श विवाह कराने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।

आयोजन को सफल बनाने समाज के सभी इकाई के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अंत में हाल ही में समाज के दिवंगत सदस्यों स्व. कल्याणी यादव रामनगर, स्व. शंकरलाल यादव तुलसीपुर तथा स्व.अशोक यादव जमातपारा के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव, महामंत्री सुदेश यादव, सलाहकार महेश यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव, बोधनराम यादव, संतोष यादव, पूर्व महिला जिला अध्यक्ष मालती यादव, रामलाल यादव, शरद यादव, रामू यादव, बीसनाथ यादव सहित बड़ी संख्या में स्वजातीयजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी समाज के सचिव पूनाराम यादव ने दी।

## मोहारा स्कूल में न्योता भोज

**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा में 11 नवंबर को जितेंद्र प्रजापति-श्रीमती सविता प्रजापति के सुपुत्र मयंक प्रजापति कक्षा दूसरी और सुपुत्री साधना प्रजापति कक्षा 5वीं के जन्मदिन पर स्वप्रेरित होकर अपने सुपुत्र-सुपुत्री के जन्मदिन को पहली बार शाला में अपना जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया।

शाला बच्चों को न्यौता भोज के रूप में वेज पुलाव एवं जलेबी प्रदान किया गया, जिसे पाकर बच्चे उत्साहित और प्रसन्न हुए। जिसके लिए बच्चे एवं शिक्षकगण व शाला परिवार प्रजापति परिवार का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रधानपाठक हरिराम साहू, संकुल समन्वयक सुनील साहू, लोकेश्वर सिंह साहू, ठनेश्वरी साहू, भानुप्रताप साहू, डिगेश्वरी साहू समेत वर्षा शर्मा, दुर्गा सेन, पूजा चौधरी, मोना यादव, रजनी सिन्हा, श्वेता शर्मा, सविता यादव, कालिंद्री सोनकर, मीना सोनकर आदि



## स्काउट गाइड के स्थापना दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत स्काउट गाइड स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राजनांदगांव शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान से आज जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान संगोष्ठी सभा का आयोजन भी किया गया।

भारत स्काउट गाइड की स्थापना दिवस 7 नवंबर से स्काउट गाइड पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राजनांदगांव जिले के विभिन्न विकासखंड स्तर पर अलग-अलग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में संगोष्ठी सभा एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

### मुख्य मार्गों से निकाली जागरुकता रैली

स्काउट गाईड स्थापना दिवस पर आयोजित रैली शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान से होते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरी और वापस म्युनिसिपल स्कूल मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्काउट गाईड के छात्र-छात्राएं सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

### स्काउट गाईड से व्यक्तित्व का विकास

स्काउट गाईड स्थापना दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी सभा में स्काउट गाईड के उद्देश्य को लेकर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने बताया कि स्काउट गाईड सेवाभाव का मूल उद्देश्य है। स्काउट गाईड से व्यक्तित्व का विकास होता है। वहीं स्काउट गाईड स्वयंसेवी संस्था है, जो समय-समय पर स्वच्छता, यातायात सहित समाज की मदद के लिए आगे बढ़कर कार्य करती है।

### वर्ष 1950 में हुई भारत स्काउट गाईड की स्थापना

स्काउट गाईड के जिला संगठन आयुक्त मयूर श्रीवास्तव ने बताया कि 7 नवंबर 1950 को भारत स्काउट गाईड की स्थापना हुई थी। वर्ष 1908 में स्काउट गाईड की स्थापना की गई, लेकिन 1910 तक यह सिर्फ अंग्रेजों के लिए था। वर्ष 1913 में स्काउट गाईड भारतीय मूल के बच्चों के लिए चालू किया गया। आजादी के बाद स्काउट गाईड के विभिन्न संगठन एक होकर भारत स्काउट गाईड बन गए, तब से हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मेढ़ा में पुन्नी मेला आज

**मुरमुदा।** मेढ़ा नदी के किनारे स्थित शिव मंदिर प्रांगण में कल 15 नवंबर को पुन्नी मेला का आयोजन रखा गया है। मेढ़ा नदी में सुबह 4 बजे से ही ग्रामीण, बच्चे, महिलाएं स्नान कर दीपदान करने के बाद शिव मंदिर, राम मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पण करते हैं। इस मेला में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होते है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में मोहंदी जालबांधा का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### जयंती कार्यक्रम आज

**मुरमुंदा।** ग्राम पंचायत जामरी में कल 15 नवंबर को सिन्हा समाज द्वारा जयंती मनाया जाएगा। इस मौके पर शोभायात्रा निकाला जाएगा। रात्रि में पटपर का नाच रखा गया है। भुवनलाल सिन्हा ने बताया कि सिन्हा समाज के लोग जयंती के मौके पर बहादुर कलारिन की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा एवं सत्संग 22 से

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में 22 से 25



नवम्बर तक श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं राम कथा सत्संग का आयोजन किया गया। कथा वाचक आचार्य हरीश चतुर्वेदी साजा होंगे। आगामी 22 नवंबर को वेदी स्थापना, जलाधिवास, अन्नधिवास, शयनधिवास, 23 को संकटमोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं राम कथा सत्संग, 24 को राम कथा सत्संग, चढ़ौती, 25 को हवन, प्रसादी का आयोजन होगा। यह आयोजन अड़ोरा परिवार एवं दुबे परिवार द्वारा किया गया है। यह जानकारी प्रमोद दुबे ने दी।

### नल जल योजना पर कार्यक्रम आयोजित



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत भुरभुसी में जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत लगभग चार सौ परिवारों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक मनोज सिंह, ब्लॉक समन्वयक गणेश वर्मा, राजुलाल वर्मा, सरपंच लक्ष्मीबाई साहू, सचिव तुकाराम पटेल, हुलेश साहु, रोजगार सहायक सुनीता चतुर्वेदी, आंगनबडी कार्यकर्ता सीमा साहू, कलेंद्री सहित अन्य मौजूद थे।

### खाद्य गोदाम का लोकार्पण



**चिचोला।** कल्लुटोला में विधायक भोलाराम साहू ने पूजा-अर्चना कर नव-निर्मित खाद्य गोदाम भवन, सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण किया। इस मौके पर किरण वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य ललिता कंवर, चुम्मन साहू, रविन्द्र वैष्णव, फत्तेलाल कंवर, प्रताप धावड़े, नैनसिंह पटेल, श्याम लाल साहू, कुंवरराम साहू, आनंदराम, मनोहर, घसियाराम, परदेसी राम, राजकुमार कंवर, हिरामन पटेल, शंकर साहू, नेमीचंद, माहरुराम पटेल, केशूराम पटेल, मानसिंह वर्मा, देवनाथ वर्मा, येतराम पाल, रमेश हिरवानी, हिदेराम पटेल आदि उपस्थित थे।

### विकास बने नामदेव समाज के अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** संत नामदेव भवन में श्री नामदेव समाज की बैठक संपन्न



हुई। बैठक में सर्व सम्मति से विकास नामदेव को अध्यक्ष, ललित नामदेव को उपाध्यक्ष, अमन बृज नामदेव को सचिव एवं दीपांशु भारद्वाज को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के लोगों ने बधाई दी है।





### जनप्रतिनिधियों ने किया खरीदी का शुभारंभ, किसानों को बताया सरकार की मंशा

# उत्साहित किसान धान बेचने उमड़े सोसाइटियों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गुरूवार को सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी की विधिवत शुरुवात अतिथियों ने किया। सेवा सहकारी समिति गंडई में चकनार के किसान रुकुमलाल साहू ने तराजू बाट की पूजा अर्चना किया। सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकर, अनिल अग्रवाल, जीवन दास रात्रे, टेकन देवांगन, टुम्मन साहू, मंगल जैन, धरमु पटेल, भूपेंद्र पटेल ने किसान रुकुम लाल को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया। तत्पश्चात धान तौलकर खरीदी आरंभ किया गया । पहले दिन धान बेचने के लिए 27 किसानों ने टोकन लिया था। इस दौरान जीवनदास रात्रे एवं अनिल अग्रवाल ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने हर वादे को निभा रही है। धान बेचने के 72 घंटे के भीतर किसानों को राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। इस दौरान समिति प्रबंधक जगदीश जंघेल, ललित निषाद, अनिल मानिकपुरी, गोपेश सिन्हा, दीपक यादव, राकेश मेश्राम, बसंत साहू, नेमचंद पटेल सहित किसान उपस्थित रहे। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति संडी में जंगलपुर के नेमु जंघेल के आतिथ्य में धान खरीदी आरंभ किया गया। इस दौरान प्रबंधक सूरज वर्मा उपस्थित थे। सेवा सहकारी समिति बुंदेली में टीका वर्मा, ब्रांच मैनेजर योगेश ठाकुर, प्रबंधक कुंभलाल जंघेल, सेवा सहकारी समिति बरबसपुर में काशीराम साहू, अमित शर्मा, मनोज चतुर्वेदी, प्रबंधक डीडी साहू, भूपेंद्र जंघेल, सेवा सहकारी समिति धोधा में दूजे वर्मा, कमलेश साहू, संतोष सिंह भुआर्य, जीवन वर्मा, योगेंद्र कौशिक, प्रबंधक अशोक साहू, सेवा सहकारी समिति लिमो में सुखदेव पटेल, बोधराज देवांगन, हेमंत वर्मा, गोविंद धनकर, प्रबंधक यशवंत वर्मा, सेवा सहकारी समिति दनिया में रेखचंद जैन, होरीलाल जंघेल, प्रबंधक लोमश सिंग ठाकुर, सेवा सहकारी समिति हनईबन में लीलाराम साहू, रामा साहू, प्रबंधक रूप हिरवानी, सेवा सहकारी समिति ठाकुरटोला में प्रेमलाल साहू, डेरालाल मशखरे, लाल रोहित सिंह पुलस्त्य, अमरसिंह मरावी, प्रबंधक गौतरिहा साहू, सेवा सहकारी समिति पैलीमेटा में अमरसिंह मेरावी, प्रबंधक बलकरणदास मानिकपुरी एवं सेवा सहकारी समिति मोहगाव में अमरसिंह मेरावी, डेरालाल मशखरे, प्रबंधक बलराम सिंह धुर्वे की उपस्थिति में किसानों के धान की खरीदी की गई।

### धान बेचकर किसान हर्षित

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र के सभी धान खरीदी केन्द्रों में गुरूवार को समर्थन मूल्य पर धान खरीदना आरंभ हुआ।



तराजू एवं अन्नपूर्णा माता की पूजा अर्चना कर खरीदी का श्रीगणेश किया गया। धान खरीदी केन्द्र कुकुरमुड़ा अतरिया में पूजा अर्चना के साथ धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में रोहित जंघेल, मोतीलाल जंघेल, राधेमोहन वैष्णव, अशोक जंघेल, गैंदूराम जंघेल, रामावतार साहू, चन्द्रेश वर्मा, बलदेव मरकाम, संतराम यादव, संतराम यद्धु, देवकुमार जंघेल, लालाराम, बैजूराम, ओमप्रकाश, सजेलाल आदि मौजूद थे। इसी प्रकार धान उपार्जन केन्द्र विचारपुर, बुंदेली, संड़ी, पैलीमेटा, ठाकुरटोला में अतिथियों ने पूजा अर्चना कर धान खरीदी शुरू किया।

### कांग्रेस अध्यक्ष का आरोप

ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भिगेश यादव ने कहा कि भाजपा ने 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने का वादा किया था, परंतु वर्तमान में 23 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। शेष 800 सौ रुपए का भुगतान किया जाएगा या नहीं यह स्पष्ट नहीं है। राशि के भुगतान को लेकर किसी भी मंत्री या नेता ने अधिकृत बयान जारी नहीं किया है।

### एकमुश्त जमा होगी राशि

जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि धान खरीदी के बाद किसानों के खाते में शेष राशि एक मुश्त जमा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने चार किश्तों में राशि देकर किसानों को खूब भटकाया था।

**सोमनी।** स्थानीय समिति अंतर्गत आने वाले उप केंद्र मनकी में हीरालाल मरकाम, अमर लाल मरकाम, अनुसूया मरकाम, ज्ञानेश्वर साहू, बिहारी साहू, चैतराम, चैनदास, किशोर कुमार सहित अन्य किसानों का भाजपा ग्रामीण मंडल के रोहित चंद्राकर के निर्देशानुसार रमेश चंद्राकर, रामकिसुन साहू, जितेंद्र साहू, महेंद्र यादव, ओराण, मोहन चंद्राकर, उमरसिंह उईके, तामेश्वर साहू ने स्वागत कर धान खरीदी प्रारंभ किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने धान खरीदी प्रभारी मुकेश कुमार साहू को किसानों के लिए छाया एवं पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। खरीदी प्रभारी मुकेश साहू ने बताया कि उपकेद्र में 622 किसान पंजीकृत हैं। प्रतिदिन 750 क्विंटल खरीदी का लक्ष्य है।

**खुज्जी।** गुरूवार को धान खरीदी की शुरूवात की गई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष तखतराम सोनकर, उत्तमचंद नाहटा, कमलनारायण साहू, राधेश्याम कमरिया एवं शाखा प्रबंधक श्री शुक्ला, पर्यवेक्षक विजय नायक, समिति प्रबंधक जितेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

**छुरिया।** स्थानीय सेवा सहकारी समिति में गुरूवार को बड़ी संख्या में किसान धान बेचने पहुंचे। धान खरीदी की शुरूवात पूजा अर्चना कर किया गया। किसानों के सोसायटी पहुंचने के बाद धान नमी की जांच उपरांत खरीदी शुरू की गई। नमी जांच में पहले दिन किसी का धान रिजेक्ट नहीं हुआ। पहले दिन 51 किसानों का 2523.60 क्विंटल धान खरीदा गया। बिना असुविधा के धान बिकने से किसान खुश नजर आए।

### तीन दिनों के भीतर होगा भुगतान

**डोंगरगांव।** अंचल की सभी सोसायटियों में धान खरीदी शुरू हो गई। स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में धान खरीदी का शुभारंभ पूजा अर्चना और किसानों को मिठाई खिलाकर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने किया। इस मौके पर श्री गांधी ने बताया कि । साय सरकार के घोषणा के अनुसार किसानों से 31 सौ रूपए की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जाएगा। धान बेचने वाले किसानों को डीबीटी के माध्यम से 72 घंटे में भुगतान किया जाएगा। शुभारंभ के मौके पर भाजपा मंडल रामकुमार गुप्ता, धनराज ठाकुर, सरिता ढीमर आदि उपस्थित थे। धान खरीदी के पहले दिन 29 किसान ने 1067 क्विंटल धान बेचा। आज धान बेचने के लिए बगदई के निर्मल सिंह, कमलेश, कोहका के बलदू, दुकालू , करियाटोला के प्रमेंद्र, मोहड़ की नरबदिया, मोहड़ के भानुप्रताप, रोहित, हिरदेश , तोरण, मोहन आदि धान बेचने पहुंचे थे।

**चिचोला।** सेवा सहकारी समिति महाराजपुर में धान खरीदी का शुभारंभ भाजपा उपाध्यक्ष चनद्रिका प्रसाद डड़सेना ने किया। इस मौके पर श्यामसुंदर साहू, पूर्व सरपंच कृष्णाराम पाल, नूतन साहू, गणेश माली, दुर्जनपुरी, तेजराम सिन्हा, सरपंच थानसिंग कंवर, रंगीटोला सरपंच अतिश सिन्हा उपस्थित थे। अतिथि ने पूजा कर किसानों को तिलक लगाया और धान की खरीदी प्रारंभ किया। समिति प्रबंधक केजराम यादव ने किसानों से धान को साफ और सुखाकर लाने कहा। पहले दिन 4278 कट्टा खरीदा गया।

**कुमरदा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने सेवा सहकारी समिति जोशीलमती और गहिराभेड़ी में धान तौलकर खरीदी का शुभारंभ किया। अध्यक्ष श्रीमती साहू ने किसान को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानो की विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस साल प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी जा रही है। किसानों को 31 सौ की दर से एकमुस्त भुगतान किया जाएगा। इस अवसर पर हिरेंद्र साहू, मनीष त्रिपाठी, आलोक तिवारी, गौरव साहू, कोमल साहू, गौरव, चित्रांगन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

**घुमका।** धान खरीदी के पहले दिन 62 किसानों ने खरीदी केंद्र पहुंचकर अपना धान बेचा। गुरुवार को हरडुवा के किसान खेमचंद वर्मा ने पतला धान समर्थन मूल्य पर बेचा। शुभारंभ के दौरान जनपद सदस्य दिलीप पटेल, सरपंच फूलमती वर्मा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा, रेखराम साहू, नूनकरण वर्मा ने धान बेचने आए पांच किसानों का स्वागत किया। किसानों को तिलक लगाकर गमछा भेंट किया गया। इसी प्रकार पटेवा, भैंसातरा, बघेरा, मुरमुन्दा, उपरवाह, डुमरडीह, कौहाकुड़ा, पदुमतरा में भी धान खरीदी शुरू किया गया। घुमका सोसायटी में 26 किसानों से 875. 60 क्विंटल धान खरीदा गया। प्रबंधक गजेंद्र भारद्वाज ने बताया कि पहले दिन 62 किसानों को टोकन दिया गया। धान खरीदी पर नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक रणजीत सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी भारत उईके नजर रखे हुए थे। जिलाधीश संजय अग्रवाल ने पदुमतरा, भैंसातरा, उपरवाह पहुंचकर फड़ प्रभारीयों को दिशा निर्देश दिया।

**अंबागढ़ चौकी।** ढाढूटोला सोसायटी में पूजा अर्चना कर जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव ने धान खरीदी की शुरुआत किया। 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी होने पर किसानों में उत्साह देखा गया। इस मौके पर चेनसिंग नेताम, संदीप मेश्राम, संतोष शर्मा, श्री देशमुख, सोनू शर्मा, आशा गायकवाड़, लीना ठाकुर उपस्थित थे। सोसायटी में पहले दिन 40 किसानों ने धान बेचा।






# दीपावली मिलन में कांग्रेस ने दिखाई ताकत

## पंचायत और निकाय चुनाव की तैयारी में जुटने का आव्हान



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरा गया।

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि दिवाली देश का सबसे बड़ा पर्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पर्व की बधाई देते हुए नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए एक होकर तैयारी में जुटने का आव्हान किया। डोंगरगढ़ की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा अब कार्यकर्ताओं के चुनाव की बारी है। सभी को एकता के साथ पंचायत चुनाव में उतरना होगा तभी कांग्रेस प्रत्याशी को सफलता मिलेगी। युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जीतू मुदलियार ने कहा कि अब समय आ गया है जब हमे अपने कार्यकर्ताओं के लिए लड़ाई लड़ना है। सभी को उनके लिए मेहनत कर नगर और पंचायतों में कांग्रेस की सरकार बनाना है।

### एक जुट रहने का आव्हान

कार्यक्रम की शुरुवात में जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कार्यकताओं से एक होकर चुनाव की तैयारी करने आग्रह किया। उन्होंने पंच से लेकर पार्षद और अध्यक्ष चुनाव के लिए अभी से कमर कस कर तैयार रहने का निवेदन किया। संचालन जिला महामंत्री सज्जाक खान और आभार प्रदर्शन रामकुमार पटेल ने किया। इस मौके पर कांग्रेस नेता देवराज किशोर दास, मोतीलाल जंघेल, नीलेंद्र शर्मा, पदम कोठारी, गुलाब चोपड़ा, निर्मला वर्मा, ममता पाल, पार्तिका संजय महोबिया, नीना ताम्रकार, लीला मंडावी, चेतन देवांगन, भुनेश्वर साहू, पंकज बांधव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भीखमचंद छाजेड़, आकाशदीप सिंह, रामकुमार पटेल, आरती, भीगेश यादव, दिनेश साहू, मीरा चोपड़ा, हबीब खान, अय्यूब कुरैशी, रिंकू महोबिया, संजीव दुबे, आरती यादव, कपिनाथ महोबिया, नदीम मेनन, सुनील पांडे, शेरसिंह, पुरन सारथी, भरत चंद्राकर, दीपक अग्रवाल, गंगू मरावी, राजेंद्र बंटी मेरावी, धर्मेंद्र मंडावी, हेमंत वैष्णव, लालू महोबिया, कमलेश यादव, नजारुद्दीन खान, गणेश वैष्णव, ज्योति सिंह ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिकारीटोला में हुआ शिवमंदिर का लोकार्पण

**छुरिया।** शिकारीटोला में नव निर्मित शिव मंदिर का लोकार्पण एवं मूर्ति, शिवलिंग की स्थापना विधायक भोलाराम साहू ने किया। उन्होंने पूजा अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि के लिए कामना किया। इस अवसर पर किरण वैष्णव, रविन्द्र वैष्णव, प्रीतम साहू, कांतिलाल साहू, प्रताप धावड़े, पुरषोत्तम साहू, सुकालू डहरे, सावंत साहू, योगेंद्र सिन्हा, राजेंद्र साहू, रामसाय चन्द्रवंशी, गोकुल मंडावी, महेन्द्र साहू, कमलेश वरदे आदि उपस्थित थे।



# श्री सिद्धचक्र विधान का समापन आज



**डोंगरगांव।** आत्म शिल्पी आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री आगमसागर, पुनीत सागर और एलक धैर्य सागर महाराज के मंगल सानिध्य में श्री सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित श्री सिद्धचक्र विधान और विश्व शांति महायज्ञ का समापन कल 15 नवंबर को होगा। गुरूवार को इस धार्मिक आयोजन में विधायक दलेश्वर साहू ने भी उपस्थिति दर्ज कराकर अपनी आस्था प्रकट किया। जानकारी के अनुसार कल अभिषेक, शांतिधारा के बाद विश्व शांति यज्ञ होगा। दोपहर 12 बजे मुनिसंघ के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकलेगी। इस शोभायात्रा में 4 ढोल, 3 घोड़ा, 4 बघ्घी, आर्केष्ट्रा पार्टी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन शामिल होंगे।

### नवाज को आमगांव विस क्षेत्र की जिम्मेदारी



**डोंगरगढ़।** जिला सहकारी बैंक राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान को आमगांव विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है। इस चुनाव में नवाज खान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगे। जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेसजनों ने उन्हे बधाई दी है।

# रंगोली स्पर्धा में कविता यादव विजेता

**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी के संरक्षण एवं प्रभारी प्राचार्य संजय देवांगन के मार्गदर्शन में राज्य स्थापना दिवस के मौके पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली स्पर्धा में सभी संकाय के विद्यार्थीयों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रभारी प्राचार्य श्री देवांगन ने रंगोली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रंगोली डालने की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। निर्णायक कमलेश चेलक, हिरेंद साहू एवं मोनिका सिन्हा थी। प्रतियोगिता में कविता यादव प्रथम, भूमिका साहू द्वितीय एवं तालेश्वरी ने तृतीय स्थान हासिल किया।



### दाऊसिर्रा में मातर मेला आज

**जेवरतला रोड।** ग्राम दाऊसिर्रा में ग्रामवासियों के सहयोग से कल 15 नवम्बर को मातर मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए दीपक के ज्योति ग्राम जामनारा का छत्तीसगढ़ी नाच रखा गया है। यह जानकारी गंगाराम साहू, यशवंत साहू, थानसिंह साहू, केशव देवांगन एवं भोलाराम साहू ने देते हुए अंचल के लोगों से शामिल होने की अपील किया है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच अंबागढ़ चौकी ने जीता

**डोंगरगढ़।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नेहरू महाविद्यालय में सेक्टर लेवल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 13 नवम्बर से किया गया है। प्रतियोगिता के पहले दिन शासकीय महाविद्यालय घुमका एवं अंबागढ़ चैकी के मध्य मैच खेला गया। घुमका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 48 रनों का लक्ष्य लेकर अंबागढ़ चैकी की टीम ने तीन विकेट खोकर 6 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। अंबागढ़ चौकी महाविद्यालय के साहिल ने तीन ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए। इसी प्रकार परमानंद ने तीन ओवर में 3 रन देते हुए बेहतर गेंदबाजी का प्रदर्शन कर 3 विकेट लिए। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने दी।

# शिव-हरि मिलन की संध्या पर दीयों से जगमगाएगा शिवनाथ नदी का तट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जिले में लगने वाला सबसे बड़ा मेला शिवनाथ नदी तट मोहारा में गुरुवार से प्रारंभ हो चुका है। इससे पूर्व गुरुवार को संध्या शिव हरि मिलन की चौदस पर शविनाथ तट पर पूजा-अर्चना के साथ दीपोत्सव किया गया। पूर्णिमा के अवसर पर भोर के समय से ही बड़ी संख्या में लोग शिवनाथ नदी तट मोहारा पहुंचेंगे, जहां स्नान कर नदी में दीपदान किया जाएगा। यहां दीपों की जगमगाहट का आकर्षक नजारा बना रहेगा। दान-पुण्य के बाद लोग मेले का आनंद उठाएंगे।

शिवनाथ नदी तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ऐतहासिक मोहारा मेला 14 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है। तीन दिवसीय चलने वाले मेले में गुरुवार शाम शिवनाथ नदी तट रक्षक समिति, शनिदेव परिवार रानीसागर द्वारा हजारों की संख्या में दीप प्रज्जवलित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक आयोजन के साथ मेले का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बनी रही। कार्यक्रम के तहत कल 15 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को शाम के समय महादेव हिरवानी का धरोहर लोक मंच की प्रस्तुति की जाएगी। 16 नवंबर को मेले के समापन अवसर पर विष्णु कश्यप का स्वर धारा की प्रस्तुति होगी, जिसे लेकर अंचल के लोगों में उत्साह का माहौल है।

## तीन दिवसीय मोहारा पुन्नी मेला का हुआ शुभारंभ, पूजा-अर्चना के साथ शिवनाथ नदी की उतारी गई आरती

### यातायात का रहेगा दबाव

ज्ञात हो कि ऐतिहासिक मोहारा मेला का लुत्फ उठाने जिले के अलावा अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बनती है। आज पहले दिन से ही मेला स्थल में लोगों की बेहतर उपस्थिति बननी शुरू हो गई है। कल शुक्रवार को अलसुबह से ही विभिन्न साधनों से मोहारा मेला जाने के लिए लोगों का क्रम शुरू हो जाएगा। नंदई से मोहारा रोड में यातायात का दबाव बना रहेगा। यहां सुबह से लेकर देर रात तक शहरी सहित ग्रामीणों की उपस्थिति बनी रहेगी।





### पहले ही दिन से भीड़ शुरू

शिवनाथ नदी तट मोहारा में लोगों के मनोरंजन के लिए दर्जनभर छोटे-बड़े आधुनिक झूले एवं पारंपरिक रेहचुली झूला लगे हुए हैं। इसके अलावा सब्जी-भाजी, गन्ने, मिठाई, अस्थाई होटल, खिलौने सहित कई किस्म की दुकानें लगी हुई है, जहां आज पहले ही दिन से लोगों की बेहतर उपस्थिति देखी गई। कल कार्तिक पूर्णिमा पर उक्त स्थल पर आसपास के ग्रामीण इलाकों से ध्वज पताका मंडई बाजे-गाजे के साथ लेकर ग्रामीण पहुंचेंगे। जिससे मेले का और भी अधिक आकर्षण बढ़ जाएगा। मेला स्थल पर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की तैनाती की गई है।

## सार समाचार



राजनांदगांव। प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रसिद्ध युवा चित्रकार दीपचंद ने केनवास पर श्री गुरूनानक देवजी का रंग-बिरंगे रंगोली से आकर्षक चित्रण किया।

### रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** भेड़ीकला सरपंच कृष्णा साहू ने रंग मंच निर्माण कार्य के लिए विधिवत पूजा-अर्चना कर कुदाली चलाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पंच जितेन्द्र देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, झन्नेश देवांगन, दुलेश सारथी, मनोज यादव, योगेन्द्र साहू, लीलाधर साहू, डोम कुमार साहू, दिनेश साहू की उपस्थिति रही। रंगमंच निर्माण कार्य के लिए शासन से 2 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुआ है।



### स्वधायी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं प्रारंभ

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव स्वधायी (अमहाविद्यालयीन/प्राईवेट) पंजीकृत छात्राओं की संपर्क कक्षाएं प्रारंभ हो गई है। छात्राएं अविलंब संबंधित विषय एवं विभाग में उपस्थित होकर अध्यापन कक्षाओं का लाभ उठाएं। निर्धारित अध्यापन अवधि के दौरान ही सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा (सीईए-01 एंड 02) एवं असाइंटमेंट दिया जाएगा। जिससे सभी पंजीकृत छात्राओं की सहभागिता नियमानुसार अनिवार्य है। इस संबंध में विस्तृत सूचना महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं कॉलेज के वेबसाइट में जारी की गई है।

### खो-खो प्रतियोगिता में अं. चौकी की टीम विजेता

**मोहला।** शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अं. चौकी में खो-खो महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राजनांदगांव सेक्टर के कुल 14 महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया। जिसमें दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, कमला कॉलेज राजनांदगांव, छुईखदान, गंडई, खैरागढ़, डोंगरगढ़, छुरिया, मोहला, डोंगरगांव, चिल्हाटी, अंबागढ़ चौकी, बाजार अतरिया, ठेलकाडीह, कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ शामिल थे। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री दिलीप वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा गुलाब गोस्वामी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष काशी निषाद ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जेआर परतेती, विधायक प्रतिनिधि मनीष साहू, सदस्य प्रदीप सिन्हा, विशिष्ट अतिथि रियाजुद्दीन कुरैशी राजू उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल शासकीय महाविद्यालय अं. चौकी और शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव के मध्य खेला गया। जिसमें अं. चौकी ने जीत दर्ज की। दूसरा सेफा शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ और शासकीय महाविद्यालय छुरिया के मध्य खेला गया। जिसमें छुरिया ने जीत दर्ज की। अंत में फाइनल मैच अंबागढ़ चौकी और छुरिया के मध्य खेला गया। जिसमें अंबागढ़ चौकी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते एकतरफा 10 अंक के अंतर से फाइनल में जीत दर्ज और विजेता बनी। प्रतियोगिता के रैफरी निर्णायक ललित नेताम, हमीरचंद, पूनमचंद, टेकराम, मेघराज तारक, रोशन पटेल, उमेश साहू थे। विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया।



### जनजातीय गौरव दिवस आज

**राजनांदगांव** । जिले में जनजातीय गौरव दिवस 2024 का आयोजन कल 15 नवम्बर 2024 को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में किया जाएगा। कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या 4 बजे से होगा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, अध्यक्ष जिला पंचायत गीता घासी साहू, उपाध्यक्ष जिला पंचायत विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, समाजसेवी रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।


### खनिज के अवैध परिवहन करने पर 33 प्रकरण दर्ज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में 1 अक्टूबर से 13 नवम्बर 2024 तक खनिज अमले द्वारा खनिज के अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई की गई। खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिज के अवैध रूप से परिवहन करते वाहन, खनिज रेत के 14 प्रकरण, खनिज मुरूम के 8 प्रकरण, खनिज चूना पत्थर के 10 प्रकरण तथा खनिज ईट मिट्टी के 1 प्रकरण कुल 33 प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई कर 23 प्रकरणों में कुल समझौता राशि 5 लाख 3 हजार 900 रुपए वसूल कर शासकीय मद में जमा कराई गई तथा शेष 10 प्रकरणों में कार्रवाई प्रचलन में है।

## गुरबाणी कीर्तन तथा लंगर का आयोजन

# प्रकाश पर्व पर गूंजेगी गुरुवाणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अज्ञान का अंधेरा मिटाकर ज्ञान का प्रकाश करने वाले मानवीय एकता के महान संदेशवाहक तथा सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देवजी का 555वां आगमन पर्व सम्पूर्ण सिख जगत द्वारा कल शुक्रवार 15 नवंबर को अपार हर्ष तथा उल्लास के साथ प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राजनादगांव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा भी समूह सिख संगत भाइयों बहनों के सहयोग विशेष आयोजन रखे गए हैं।

प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंह सभा राजनांदगांव द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार विगत 2 माह से जारी श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की प्रातः समाप्ति उपरांत लगातार दोपहर बाद 1 बजे तक गुरुद्वारा में शबद कीर्तन तथा गुरबाणी की स्वर लहरियां गूंजेगी। जिसके अंतर्गत स्थानीय जत्थे, हजूरी रागी जत्था भाई दलजीत सिंह तथा दरबार साहिब अमृतसर से आमंत्रित रागी जत्था भाई भूपिंदर सिंह गुरबाणी शबद कीर्तन के माध्यम से प्रकाश पर्व के आयोजन को सार्थक करेंगे। अरदास समाप्ति उपरांत गुरु का लंगर अतुट वितरित होगा। इसी तारतम्य में संध्या का दीवान रहीरास साहिब के पाठ उपरांत देर रात तक चलेगा। जिसमें रागी जत्थे अपने कर्णप्रिय भक्तिमय कीर्तन द्वारा उपस्थित संगत को भाव विभोर करेंगे। देर रात्रि आरती अरदास सुखासन तथा समाप्ति उपरांत चाय नाश्ते का लंगर वितरित होगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. सुरजीत सिंह भाटिया तथा सचिव स.यशपाल सिंह भाटिया ने समूह सिख संगत भाइयों बहनों को श्री गुरुनानक देवजी के आगमन पर्व की बधाईयां देते हुए निवेदन किया है कि प्रकाश पर्व के आयोजन में उपस्थित होकर गुरुघर की खुशियां प्राप्त करें।

## शिक्षक और वन भूमि का पट्टा देने की मांग

■ जनदर्शन में मिले आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने 11 नवंबर को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतों, समस्याओं और मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई करें। कलेक्टर जनदर्शन में 4 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग में भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर जनदर्शन में मोहला अंतर्गत ग्राम कोरवा के ग्रामवासियों ने प्राथमिक शाला कोरवा में शिक्षक के कमी को अवगत कराने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। इसी प्रकार तहसील खड़गांव के ग्राम पुसेवाड़ा निवासी धनसिंह ने वन भूमि का पट्टा प्रदाय करने के संबंध में आवेदन दिया। जिले के अन्य आवेदकों ने अपने आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं से निजात पाने कलेक्टर से गुहार लगाई है।

## बैगा ग्रुप की अनूठी पहल, देवउठनी एकादशी पर भूर्री जलाकर तापी आग

### छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परंपरा को रखा जीवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ की लोक कलाकारों और लोक संस्कृति को संजोए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाली संस्कारधानी की संस्था बैगा ग्रुप राजनांदगांव द्वारा कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी 12 नवंबर को तुलसी विवाह के साथ ही पौराणिक व छत्तीसगढ़ की संस्कृति व मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी पर भूर्री जलाकर आने वाली ऋतु का स्वागत कल रात्रि में किया गया।

बैगा ग्रुप द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि महुवा झरे, नई माने काली, हर हर भोला के साथ ही 40 से अधिक आडियो और वीडियो कैसेट सुवा, ददरिया, कर्मा, जस गीत एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत में मांग सजादे सजना के माध्यम से लोक संस्कृति व लोक कलाकारों को हमेशा आगे लाने वाली नगर की संस्था बैगा ग्रुप ने अपने 33 साल से भी अधिक समय से छत्तीसगढ़ की पौराणिक परंपरा देवउठनी एकादशी पर भगवान शालिग्राम व तुलसी माता के विवाह पश्चात छत्तीसगढ़ की संस्कृति व मान्यता अनुसार भुर्री जलाने की प्रथा को इस बार भी आयोजित किया। इस बार 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के अवसर पर पुरानी टोकनी, सुपा, झवहा को एकत्रित कर बैगा ग्रुप ने मानव मंदिर चौक सिनेमा लाईन मार्ग पर भुर्री प्रज्ज्वलित कर आने वाली ऋतु के आगमन का स्वागत किया। इस अवसर पर एक-दूसरे को तुलसी विवाह व देवउठनी एकादशी की शुभकामनाएं दी। एकादशी पर आयोजित भुर्री प्रज्ज्वलन के अवसर पर लोक कलाकारों व संस्कृति को संजोए रखने वाले बैगा ग्रुप के राजेश मारु के मार्गदर्शन एवं गणेश प्रसाद शर्मा, रचनाकार हर्ष कुमार बिंदु, स्वरधारा के संयोजक विष्णु कश्यप, संगीतकार योगेश टुक्का, पंकज महेश्वरी, पंकज शर्मा, मनोज सेन के साथ ही अन्य सदस्यगण भी उपस्थित थे।

## ब्राम्हण समाज का दीपावली मिलन आयोजित

**राजनांदगांव।** कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का दीपावली मिलन समारोह कान्यकुब्ज सांस्कृतिक भवन खंडेलवाल कालोनी, कौरिनभाठा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं के सम्मान के साथ बच्चों की फैंसी ड्रेस, डांस और क्विज प्रतियोगिता तथा महिलाओं की रंगोली व पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। संरक्षक डॉ. अरूण शंकर दीक्षित, ऋषिकुमार तिवारी, कमलेश तिवारी, प्रो. आरपी दीक्षित, प्रकाशचंद्र शुक्ला, अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष विष्णुदत्त तिवारी, महिला शाखा की अध्यक्षा ममता अवस्थी ने पुष्पांजलि अर्पित की। महिला शाखा की सदस्यों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। संरक्षक डॉ. अरूण शंकर दीक्षित एवं अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा तथा सुरेन्द्र दुबे ने दीपावली की शुभकामनाएं दी। डॉ. अरूण शंकर दीक्षित एवं आशीष त्रिपाठी के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर एवं ईसीजी परीक्षण किया गया। शिविर का संचालन भूपेन्द्र बाजपेयी, प्रसन्न तिवारी, आदित्य, अंशुमान बाजपेयी, शैलेन्द्र बाजपेयी व मोहन मिश्रा ने किया। अन्नकूट की व्यवस्था में विकास एवं विवके शुक्ला ने कार्यभार सम्हाला।




## मांगों को लेकर शिक्षक मोर्चा ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



■ वेतनमान सहित चार सूत्रीय मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने 11 नवंबर को सभी ब्लॉक मुख्यालय में वेतन विसंगति, पूर्ण सेवा अवधि की गणना करने, लंबित महंगाई भत्ता, क्रमोन्नत वेतनमान सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खेमलाल वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

कर्मचारी मोर्चा के ब्लॉक संचालक रोशन साहू, जिला संयोजक छन्नू साहू, जिला उप संचालकद्वय हर्ष कुमार मेश्राम, अजय कड़व, राजेश साहू आदि ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री एवं अन्य प्रशासनिक जिम्मेदार लोगों के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान ब्लॉक संयोजक रोशन साहू ने बताया कि शिक्षक संवर्ग ने पहले भी 2 अक्टूबर को रायपुर एवं जिला मुख्यालय में एक दिवसीय प्रदर्शन कर ज्ञापन दे चुके हैं, तब भी सरकार शिक्षक संवर्ग की मांग को सुनकर भी अनसुना कर रही है। इसी के तहत सभी ब्लॉक मुख्यालय में ज्ञापन जा रहा है, फिर भी अगर सरकार मोदी की गारंटी की मांगों पर विचार नहीं किया तो हमें उग्र आंदोलन करने बाध्य होना होगा, जो छात्रहित, शिक्षा जगत के लिए कतई नहीं है।

सरकार को अपनी घोषणा मोदी की गारंटी पर अमल करना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार का छात्रहित पर कुठाराघात न हो एवं शैक्षिक गुणवत्ता को हासिल किया जा सके। इस अवसर पर राजनांदगांव विकासखंड के शिक्षकगण उपस्थित थे।









हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 नवंबर 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

### आक्सीजोन के पास नदी में मृत मिला अधेड़

**राजनांदगांव।** शिवनाथ नदी तट मोहारा आक्सीजोन इलाके में एक अधेड़ मृत मिला। जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार को मोहारा शिवनाथ नदी आक्सीजोन के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति ग्राम भोथीपारखुर्द तुलाराम 58 वर्ष के रूप में की गई है। बताया गया कि वह घर से लापता था। जिसका गुम इंसान दर्ज कराया गया था।

# एआई तकनीक की मदद से बच्चों को सिखा रहे रोबोटिक्स, जल्द इसी तकनीक से सरकारी स्कूलों में होगी साफ-सफाई व शिक्षकों की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एआई यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दखल आम जीवन में बढ़ता ही जा रहा है। इस नई तकनीक की मदद से अब सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने की शुरूआत भी हो गई है। जिले में जंगलपुर और सोमनी स्कूलों में एआई की मदद से रोबोटिक्स का पाठ बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। अब जल्द ही इस तकनीक का उपयोग शिक्षा विभाग में मॉनिटरिंग के लिए भी होने लगेगा। प्रदेश सरकार एक नए प्रोजेक्ट के तहत एआई की मदद से स्कूलों में साफ-सफाई, शिक्षकों की उपस्थिति सहित भोजन व्यवस्था जैसे कामों की सीधे मॉनिटरिंग इस तकनीक से करेगी।

## विद्या समीक्षा केंद्र के जरिए होगी मॉनिटरिंग, जल्द शुरुआत होने की संभावना

### फोटो देखकर बताएगा एआई

मिली जानकारी के अनुसार विद्या समीक्षा केंद्र के जरिये संबंधित सरकारी स्कूल के प्राचार्य-प्रभारी को फोन से फोटो खींचकर इसमें अपलोड करनी होगी। एआई उस फोटो को देखकर यह तय करेगा कि सफाई हुई है या नहीं। इसके अलावा बच्चों को माध्यन्ह भोजन के तहत दिए जाने वाले खाने की भी तस्वीर अपलोड करनी होगी। एआई की मदद से यह तय किया जा सकेगा कि गुणवत्तायुक्त के साथ ही तय मेनु अनुसार भोजन दिया जा रहा है या नहीं।



### रोबोटिक्स सिखा रहे

एआई की मदद से सोमनी एवं जंगलपुर स्थित सरकारी स्कूलों में बच्चों को रोबोटिक्स पढ़ाया जा रहा है।

- पीएस बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी

### कोर्स में भी होगा शामिल

एआई की बढ़ती डिमांड को देखते हुए शिक्षा विभाग न केवल इसका इस्तेमाल मॉनिटरिंग के लिए करने वाला है, बल्कि नए सत्र से इस तकनीक का पाठ भी सरकारी स्कूल के बच्चों को दिया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए अलग से कोर्स तैयार करने का काम चल रहा है। कोर्स तैयार होने के बाद शिक्षकों को भी इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। हालांकि शुरूआत दौर में बड़े बच्चों को ही इससे जोड़ा जाएगा।

उल्लेखनीय है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर आम जीवन में लोग अपना काम आसान बना रहे हैं। ऐसे में प्रदेश का शिक्षा विभाग भी इस नई तकनीक का उपयोग करने की दिशा में आगे बढ़ गया है। बताया गया कि जल्द ही सभी जिलों में विद्या समीक्षा केंद्र नामक इस सॉफ्टेवयर को भेजा जाएगा और उसके इस्तेमाल के लिए कहा जाएगा। इसकी मदद से जिलेभर में स्थित सैकड़ों-हजारों स्कूलों की मॉनिटरिंग रोजाना की जा सकेगी। वहीं कोई कमी होने पर एआई सुधार के लिए भी सुझाव स्कूलों को देगा। हालांकि अब तक इसको लेकर कोई लिखित आदेश या निर्देश जिला शिक्षा विभाग के पास नहीं पहुंचा है।

## तीन दिनों में होगा पूरा भुगतान, माला पहनाकर किया किसानों का स्वागत

# 62 हजार क्विं खरीदी के साथ बोहनी, पहली दफा उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सहित राजनांदगांव जिले में भी गुरुवार से धान खरीदी की शुरूआत कर ली गई है। पहले दिन जिले में 1471 किसानों से 62362 क्विंटल धान खरीदा गया। इन किसानों को अब तीन दिनों के भीतर धान का पूरा भुगतान भी कर दिया जाएगा। इधर पहली बार धान खरीदी के लिए तौल इलेक्ट्रॉनिक मशीन से किया गया। जिले के 96 में से 91 केंद्रों में पहले दिन के लिए टोकन जारी किया गया था। ज्ञात हो कि जिले में इस बार रिकार्ड 77 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट रखा गया है।

इधर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ढाबा सोसायटी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने खैरागढ़ जिले के अमलीडीहकला सोसायटी पहुंचकर किसानों से खरीदी की औपचारिक शुरूआत की। उल्लेखनीय है कि मंगलवार तक जारी रही समिति प्रबंधकों की हड़ताल की वजह से उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की व्यवस्था नहीं हो पाई थी। ऐसे में बुधवार को दिनभर तैयारियों का दौर जारी रहा। गुरुवार को 91 उपार्जन केंद्रों में बोहनी के हिसाब से व्यवस्थाएं की गई थी। इन केंद्रों में पहली दफा इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल किया गया। इसके अलावा आधे पुराने एवं आधे नए बारदाने के सहारे खरीदी की गई। मदद के लिए टोन फ्री नंबर भी जारी किया गया है।

## मोहला-मानपुर में 159 किसानों से 6464 क्विंटल, खैरागढ़ में 47038 क्विंटल खरीदी





### अध्यक्ष ने की किसानों से मुलाकात

धान खरीदी के पहले दिन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने भी चार उपार्जन केंद्रों का दौरा किया। खैरागढ़ जिले के अमलीडीह कला के साथ ही राजनांदगांव जिले में अमलीपारा, टोलागांव एवं बहियाटोला उपार्जन केंद्र पहुंचकर, उन्होंने धान खरीदी की औपचारिक शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत भी की।

### सभी केंद्रो में रहेगी व्यवस्था

पहली बार जिले के सभी 96 केंद्रों में इलेक्ट्रिक तराजू से धान का तौल होगा। सभी केंद्रों को मिलाकर कुल तीन सौ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक तराजू का वितरण किया गया है, जहां तराजू, बारदाने व धान की पूजा कर धान खरीदी की शुरूआत की जाएगी। सभी केंद्रों में बिजली, पानी, कैप कवर सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही है। साथ ही खरीदी केंद्रों में प्राथमिक उपचार के लिए दवाई उपलब्ध भी रहेगी।

### 79 दिन की खरीदी में टूटेगा रिकार्ड

इस बार धान खरीदी की शुरूआत गुरुवार 14 नवंबर से की गई है। यह सरकारी खरीदी आगामी 31 जनवरी तक लगभग 79 दिन तक चलेगी। हालांकि सरकारी आंकड़ों में जिले में किसानों से 77 लाख क्विंटल धान खरीदी का टारगेट रखा गया है, संभावना है कि इससे भी अधिक खरीदी जिले में की जाएगी। ऐसे में पिछले साल 70.08 लाख क्विंटल का रिकार्ड टूटने के साथ ही खरीदी का एक नया रिकार्ड जिले में स्थापित होगा।

### माईक्रो एटीएम, बायोमेट्रिक थंब मशीन भी

धान बिक्री करने के लिए पहुंचने वाले किसानों को पहली दफा तत्काल दस हजार रुपए तक का भुगतान तुरंत लेने की व्यवस्था दी जा रही है। माईक्रो एटीएम की मदद से किसान 10 हजार तक का भुगतान ले सकेंगे, इसके लिए सभी उपार्जन केंद्रों में माईक्रो एटीएम उपलब्ध करा दिए गए हैं। इसके अलावा पिछले साल से लागू हुए थंब बायोमेट्रिक मशीन का उपयोग भी इस बार किया जाएगा। किसानों से खरीदी से पहले इस मशीन के जरिये एंट्री कराई जाएगी। वहीं इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी पहली दफा उपयोग के लिए केंद्रों में पहुंचाया गया है।

# ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन कार्य पर लगाया ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने उनसे लंबे समय से कराया जा रहे ऑनलाइन कार्यों को लेकर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आज से अपने मूल कार्य के अतिरिक्त समस्त ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य बंद करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ के बैनर तले राजनांदगांव जिले में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सीएमएचओ कार्यालय में एकत्रित होकर अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों द्वारा शासन के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन एवं क्रियान्वयन किया जाता है। मूल रूप से आरएचओ स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है। वर्तमान में इन्हें ऑनलाइन रिपोर्टिंग एवं एंट्री हेतु निर्देशित किया जा रहा है। जिसके कारण से राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन ठीक से नहीं हो पा रहा है।

**शासन के निर्देशानुसार होगी कार्रवाई :** इस मामले में जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने कहा कि यूनियन के माध्यम से ज्ञापन दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि उनका वर्क लोड ज्यादा है। वहीं ऑनलाइन कार्य के लिए वह एक्सपर्ट भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### ज्ञापन सौंपा, दी जानकारी



### बैठक में लिया गया निर्णय

राजनांदगांव जिले में स्वास्थ्य एवं बहुउद्धेशीय कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करने के पश्चात ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा समस्त ऑनलाइन कार्य एवं एंट्री बंद किए जाने का निर्णय लेते ज्ञापन दिया गया है। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन कार्य बंद किए जाने से आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल ऑनलाइन, डाटा इंट्री सहित अन्य कार्य प्रभावित होंगे।

### मूल कार्य हो रहा प्रभावित

ज्ञापन सौंपने को लेकर संघ के जिलाध्यक्ष कौशल किशोर शर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा हमें टेक्निकल नहीं माना जाता है। वहीं ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे उनके मूल कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन कार्य के विरोध में प्रदेश में समस्त जिला के महिला एवं पुरूष ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा ऑनलाइन कार्य एवं एंट्री बंद किया जा चुका है। वहीं आज से राजनांदगांव जिले में ऑनलाइन कार्य बंद किया जा रहा है। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता समस्त प्रकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें ट्रेनिंग दिया गया है, उनसे यह काम कराया जाए।

### आज मोतीपुर काई तालाब में महाआरती

**राजनांदगांव।** मां संतोषी शंकर हनुमान मंदिर समिति द्वारा कल 15 नवंबर को सुबह 5 बजे 2100 दीपों के साथ भव्य आतिशबाजी के साथ मोतीपुर काई तालाब में मां गंगा की महाआरती होगी। मुख्य आयोजनकर्ता व पार्षद प्रतिनिधि मदन मंटू यादव ने बताया कि इस दौरान तालाब के किनारे लगे विद्युत पोल व वृक्षों को आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाया गया है। सुबह 5 बजे पर्यावरण की सुरक्षा को संकल्पित लेकर वार्ड की माताएं, बहनें, युवा, बच्चें बड़ी संख्या में शामिल होकर मां गंगा की महाआरती व दीपदान करेंगे। मां संतोषी, शिव, हनुमान मंदिर में पूजन व खीर प्रसादी का वितरण होगा।

# दीयो की रौशन से जगमगाया तट



**पहले ही दिन से भीड़ शुरू**

शिवनाथ नदी तट मोहारा में लोगों के मनोरंजन के लिए दर्जनभर छोटे-बड़े आधुनिक झूले एवं पारंपरिक रेहचुली झूला लगे हुए हैं। इसके अलावा सब्जी-भाजी, गन्ने, मिठाई, अस्थाई होटल, खिलौने सहित कई किस्म की दुकानें लगी हुई है, जहां आज पहले ही दिन से लोगों की बेहतर उपस्थिति देखी गई।

**राजनांदगांव।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जिले में लगने वाला सबसे बड़ा मेला शिवनाथ नदी तट मोहारा में गुरुवार से प्रारंभ हो चुका है। शुक्रवार को पूर्णिमा के अवसर पर भोर के समय से ही बड़ी संख्या में लोग शिवनाथ नदी तट मोहारा पहुंचेगे, जहां स्नान कर नदी में दीपदान किया जाएगा। यहां दीपों की जगमगाहट का आकर्षक नजारा बना रहेगा। दान-पुण्य के बाद लोग मेले का आनंद उठाएंगे।



# गांजा, ड्रग्स व शराब तस्करों पर करें सख्त कार्रवाई

## क्राइम मीटिंग में पुलिस कप्तान ने थाना व चौकी प्रभारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के पुलिस कप्तान मोहित गर्ग ने थाना एवं चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर अपराधों एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने सख्त निर्देश दिए। साथ ही महिला व बच्चों एवं बुजुर्गों से संबंधी शिकायत व रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करने एवं लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। नशीले पदार्थ, गांजा, ड्रग्स, अवैध शराब तस्करों पर सख्त कार्रवाई करने कहा गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग ने 13 नवंबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभाकक्ष में राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं थाना व चौकी प्रभारियों की क्राईम मीटिंग ली।जिसमें कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध में जानकारी ली गई एवं अपराधों पर नियंत्रण व आसामाजिक तत्वों, शराब व नशीले पदार्थों की खरीदी-बिक्री, गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, चाकूबाजों पर अंकुश लगाने के लिए संदिग्ध लोगों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिए। हिस्ट्रीशीटर व सक्रिय अपराधियों की लगातार चेकिंग करते रहने हेतु निर्देश दिया गया।



### रात्रि पेट्रोलिंग की हिदायत

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करने, समंन वारंट की समय पर तामिली एवं अपहृत बालिकाओं की बरामदगी हेतु ऑपरेशन मुस्कान के तहत करने के निर्देश दिए। नवा बिहान और जनजागरूकता के तहत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने हेतु कहा गया। शहर एवं जिले के सभी थाना व चौकी में लगे सीसीटीवी कैमरे को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में चौक-चौराहों में बल लगाकर संध्याकालीन व रात्रि पेट्रोलिंग लगातार किए जाने हेतु हिदायत दी गई। शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने जागरूक करने के निर्देश दिए।

## दिन का तापमान 31 पर, रात का पारा पहुंचा 17 डिग्री

# नमी की मात्रा में आएगी कमी, रात के साथ दिन के तापमान में भी होगी गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवंबर का दूसरा पखवाड़ा शुरू होने को है, लेकिन अब तक कड़ाके की ठंड देखने को नहीं मिली है। हालांकि कल से मौसम में नमी की मात्रा में कमी आने की संभावना जताई गई है। जिसके चलते ठंड बढ़ सकती है और रात के साथ ही दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी। अंचल में गुरुवार को अधिकतम तापमान 31 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस पर रहा।




मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 15 नवंबर के आसपास ही रात के तापमान में थोड़ी कमी आने से ठंड महसूस होगी। फिलहाल अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक रहेगा। मौसम में अभी थोड़ी ज्यादा नमी है। इस वजह से न्यूनतम तापमान में कमी नहीं आ रही है। बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के कारण दक्षिण छत्तीसगढ़ में नमी आने लगी है। इसका असर बस्तर के कुछ हिस्सों में रहने के कारण रात का तापमान बढ़ने की संभावना है। हालांकि रायपुर और दुर्ग संभाग में इसका असर नहीं होगा। इधर मौसम में बदलाव के कारण सेहत पर भी असर दिखने लगा है। शहरी इलाको से लेकर गांव तक वायरल के मरीज बढ़ गए है, खासकर लोगों को गले में इंफेक्शन देखने को मिल रहा है।

### 3-5 डिग्री तक गिरावट संभव

प्रदेश के वातावरण में नमी की मात्रा धीरे-धीरे कम हो रही है। जिसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, फिर भी मामूली गिरावट संभावित है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 16 नवंबर से न्यूनतम तापमान में थोड़ा ज्यादा गिरावट संभावित है। दिन का तापमान 3 से 5 डिग्री तक और रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक लुढ़क सकता है।



## खबर संक्षेप

### हरिनछपरा में छात्रों ने किया बाल मेले का आयोजन, ग्रामीणों ने उठाया लुत्फ



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला हरिनछपरा में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं जवाहरलाल नेहरू को याद कर उनके बच्चों के प्रति प्रेम को बताया गया, इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टॉल लगाकर क्रय-विक्रय किया जिसमें छात्र छात्राओं ने मोमोज, गुपचुप, ढोकला, वेज पकौड़ा, समोसा, भेलपुरी, पोहा-जलेबी का स्टॉल लगाया गया इस अवसर पर सरपंच आनंद दास बघेल, शाला प्रबंधक समिति अध्यक्ष जलेश बघेल, शिक्षकगण, प्रधान पाठिका दुर्गा तिवारी, प्रधान पाठक तीजूराम धुर्वे, शिक्षक गेंदलाल कुर्रे, शिक्षिका मोना यादव, किरण शर्मा, प्राथमिक चंडालपुर के प्रधान पाठिका श्रीमती जानकी भारती, प्राथमिक बीजाझोरी प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा झा, शिक्षिका श्रीमती अनिता सोनी विशेष रूप से उपस्थित थें। इस अवसर पर ग्रामीण जन सालिक कुर्रे, भुवनेश्वर सिंहा, जीवन लहरें, राजू चतुर्वेदी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### जनजाति गौरव माह अंतर्गत रंगोली, निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबना कला में प्राचार्य एनपी तिवारी व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी केदार चंद्रवंशी व श्रीमती भाना ध्रुव, व्याख्याता द्वारा छात्र छात्राओं को प्रेरित कर जनजाति वीरों की जीवनी और पराक्रम को रंगोली द्वारा जीवंत चित्रित किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा उनके बलिदान और पराक्रम को दर्शाते हुए रंगोली बनाया गया। साथ ही साथ जनजाति वीरों से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, वहीं भगवान गौरा-गौरी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर, सुआ नृत्य और सेवा गीत छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में भूवन साहू, रोहित बिसेन, रजनीश श्रीवास्तव, वायआर कपिल, मनीषा शर्मा, गीता ओईका, श्रीराम साहू, नागेश्वर भारती, उमा साहू, पवन मेरावी, खिलेन्द्र साहू, विजय चौरिया, पोषण साहू, पंकज चंद्रवंशी, आयुष शर्मा, वीरेंद्र वरके, खिलेश्वरी साहू उपस्थित थें।

### प्राथमिक शाला में न्योता भोज आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर के प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर श्रीमती रजनी वर्मा सहायक शिक्षिका द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओं को पौष्टिक आहार के रूप में फल, मिष्ठान एवं नमकीन खिलाकर न्योता भोज आयोजित किया गया। नवम्बर माह में छुट्टियों की वजह से आज पहला न्योता भोज आयोजित की इस प्रकार माह सितंबर, अक्टूबर व नवंबर में लगातार एक से बढ़कर एक न्योता भोज कराने के लिए आगे आ रहे हैं। संस्था प्रमुख सीडी भट्ट ने बताया कि आज बाल दिवस के अवसर पर प्रमुख प्राथमिक शाला में न्योता भोज कराया गया। वहीं जन्मदिन के अवसर पर रजनी वर्मा स्वयं बच्चों को परोस कर पौष्टिक आहार के रूप मे न्योता भोजन कराया। इस न्योता भोज कार्यक्रम में संजय श्रीवास्तव, संस्था प्रधान पाठक सीडी भट्ट, संतोष यादव, पुखराज साहू, गायत्री मोहले, रजनी वर्मा, अशोक कुमार विनायक उपस्थित थें।

### गुरुकुल ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व उत्सव फन मेला संपन्न, विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के नन्हें मुन्ने बच्चों का फैशन शो प्रतियोगिता व कक्षा 6वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्सव फन मेला का नयनाभिराम आकर्षक व भव्य रूप में आयोजन कराया गया। इस शुभ अवसर पर संस्था के पदाधिकारी व निदेशकगण शाला के प्रभारी प्राचार्य समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं तथा अधिकांश संख्या में पालकगण व कवर्धा के गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस फैशन शो प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में कानन चकोर एक्टर मुम्बई फिल्म सिटी, निर्णायक के रूप में श्रीमती प्रिया केशरवानी, श्रीमती नीलम पारख, वेदान्त शर्मा, अंजली चंद्रवंशी तथा उत्सव फन फेयर के विशिष्ट अतिथि के रूप में आकाश आहुजा (अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कामर्स) कवर्धा मंचासीन थे। अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर पूजन वंदना के साथ हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों ने विविध रंगारंग व आकर्षक परिधानों से सुसज्जित होकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए व दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटी। इस फैशन शो प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ एवं पंचम स्थान व सांत्वना पुरुस्कार प्राप्त करने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### निधन:घासीराम यादव



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम भगतपुर के निवासी घासीराम यादव का आकस्मिक निधन हो गया, स्व. घासीराम यादव पिछले दिनों से अस्वस्थ्य थें। स्व.घासीराम यादव का अंतिम संस्कार ग्राम भगतपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धाजंली अर्पित की गई।

## कवर्धा में भव्य देव दीपावली महोत्सव का आयोजन आज,दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद देंगे दर्शन

# 51 हजार दीपों से जगमगाएगा प्रभु श्रीराम जानकी रमण देवालय, सनातनियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर में आज देव दीपावली का त्योहार धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर



श्रीराम जानकी रमण प्रभु देवालय में 51 हजार दीपों से भव्य रोशनी की जाएगी, यह आयोजन शहर के सनातनियो के लिए एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रथम दंडी स्वामीः श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः महाराज जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के दीक्षित दंडी स्वामी जो इस आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। ज्योतिर्मयमठ सीईओ चन्द्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया धर्मनगरी के समस्त सनातनी व नगरवसियों के लिए बहुत बड़ी सौभाग्य के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज के दीक्षित शिष्य व छत्तीसगढ़ के प्रथम दंडी स्वामीः श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः अपने चातुर्मास पूर्ण कर सिमोलंघन पर बेमेतरा जिला के सापाद लक्षेश्वर धाम ग्राम सलधा से प्रस्थान कर शाम 05 बजे कवर्धा आगमन होगा, जहां नगर अभिन्दन करते हुए कचहरी पारा स्थित प्रभु श्रीराम जानकी रमण प्रभुदेवालय लाया जाएगा व प्रभु श्रीराम के दर्शन पूजन कर भक्तों को आर्शीवचन देंगे।



### हर घर से 21 दिया आएगा और जगमगाएगा देवालय

मिली जानकारी के अनुसार शहर की सभी सनातनी महिलाएं घर-घर पहुंचकर माताएं-बहनों को देव दीपावली में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इस वर्ष देव दीपावली को और भी भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है, आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष आयोजन और भी भव्य किया जा रहा है हर वर्ष तो मनाया जाता है, परंतु इस वर्ष देव दीपावली गौमाता को राष्ट्र माता जल्द घोषित हो ऐसे कामना करते हुए हर सनातनियों के घर-घर से स्वयं 21 दिया लेकर पहुंचेंगे और अपने मनोकामना हेतु दीप प्रज्जवलित कर कामना करेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन शंकराचार्य के शिष्य व धर्मलंकार डॉ पवन मिश्रा द्वारा किया जाएगा। जिसमें उमंग पांडेय एवं स्मृति उपाध्याय की नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वही आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमियों को आमंत्रित किया है और उनसे आयोजन में शामिल होने की अपील की साथ ही साथ प्रभु श्रीराम जानकी रमण देवालय में श्रीराम के दर्शन पूजन कर भक्त जन आशीर्वाद प्राप्त करेंगें।

## सड़क के बीचों बीच खोदाई कर छोड़े, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कंझेटा में घरों घर पाइप लाइन बिछाने ठेकेदार व जिम्मेदारों द्वारा सीसी रोड सड़क को बीचों बीच खोदाई किया गया वहीं विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत



कंझेटा में ठेकेदार द्वारा एक-दो माह पहले सीसी रोड की खोदाई कर छोड़ दिया जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन करने में भारी दिक्कतों व परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को खोदाई कर छोड़ पाइप लाइन सीसी रोड की निर्माण कार्य की मांग किया ताकि ग्रामीणों को आवागमन करने में राहत व सुविधा मिल सकें।

## विधायक की नई पहल, 75 पंचायतों में लाइब्रेरी की स्थापना के लिए प्रत्येक पंचायत को 10 हजार रुपए की राशि आवंटित

- शिक्षित समाज से ही विकसित क्षेत्र, प्रदेश व देश की नींव टिकी होती है : भावना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने एवं पढ़ने के इच्छुक ग्रामीणों के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती



भावना बोहरा द्वारा सराहनीय पहल करते हुए आज जनसंपर्क मद से 7 लाख 50 हजार रुपए की राशि क्षेत्र के 75 ग्राम पंचायतों को आवंटित की गई है। छत्तीसगढ़ में पंचायत स्तर पर एक जनप्रतिनिधि द्वारा शायद यह पहली अनूठी पहल होगी जिससे ऐसे ग्रामीण जिन्हें पढ़ने अथवा अपने धार्मिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक व अन्य क्षेत्रों में ज्ञान अर्जित करने की इच्छा होती है, परन्तु उनके पास साधन नहीं होते उन्हें संसाधन उपलब्ध होंगे। पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा इस नई पहल से अब उन सभी ग्रामीणों को अपने ज्ञान को बढ़ाने के साथ ही हर समसामयिक विषयों पर जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मिली जानकारी के अनुसार भावना बोहरा द्वारा जनसंपर्क मद के तहत मिलने वाली 10 लाख रुपए की राशि को पंडरिया विधानसभा अंतर्गत आने वाले 75 ग्राम पंचायत भवन में पुस्तकालय की स्थापना के लिए पुस्तक क्रय करने हेतु 7500 रुपए एवं पुस्तकों के रख-रखाव हेतु रेक खरीदने के लिए 2500 प्रति ग्राम पंचायत के आधार पर प्रत्येक ग्राम पंचायत को 10 हजार रुपए की राशि आवंटित करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर अनुमोदन करने कहा था, जिसके परिणाम आज सभी ग्राम पंचायतों को राशि आवंटन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। इस विषय में विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि मुझे बहुत ही खुशी हो रही है कि आज हमने पंडरिया विधासनभा के 75 ग्राम पंचायतों में निवासरत जनता के लिए पंचायत भवनों में पुस्तकालय की स्थापना करने के उद्देश्य से 10 हजार रुपए की राशि आवंटित की है। इसके साथ ही आने वाले समय में जल्द ही हम शेष ग्राम पंचायतों में भी इसकी व्यवस्था करेंगे, साथ ही समय-समय पर पुस्तकों की संख्या बढ़ाने के सन्दर्भ में भी संज्ञान लिया जाएगा। ग्राम पंचायतों में रखे जाने वाले पुस्तकों के चयन हेतु क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षकों के साथ चर्चाकर उनकी सहमति से एक सूची तैयार की जाएगी, जिसे जनपद पंचायत को सौंपी जाएगी और वहां से ग्राम पंचायतों को पुस्तकें खरीदने हेतु वह सूची सौंपी जाएगी, ताकि सभी विषयों के पुस्तकों का चयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इसकी स्थापना का प्रमुख उद्देश्य हमारे लिए यह है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोग हैं जो पढ़ने के इच्छुक होते हैं, अपने ज्ञान को बढ़ाना चाहते हैं हमारे भारत के गौरवशाली इतिहास, धार्मिक परंपरा व संस्कृति के साथ ही सामान्य ज्ञान तथा देशभर में चल रहे समसामयिक घटनाओं की जानकारी चाहते हैं, परन्तु उचित संसाधन व पर्याप्त सुविधा नहीं होने की वजह से वे इससे वंचित रह जाते हैं। ऐसे में हमारी इस एक पहल के माध्यम से हम उन सभी सुधि पाठकों के लिए एक माध्यम बनना चाहते हैं, जिससे वे अपने ज्ञान को बढ़ा सकें तथा ज्ञान अर्जित कर सकें। हमने देखा है कि शहरी क्षेत्रों में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध हैं परन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी पहल और सुविधा होने से हमारे ग्रामीण भाई-बहनों को भी ज्ञानवर्धक जानकारी मिलेगी।

### बाजार चारभाठा सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी का शुभारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार ने 14 नवम्बर को 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बाजार चारभाठा सेवा सहकारी समिति में मुख्य अतिथि के रूप अध्यक्ष भाजयुमो रणवीरपुर मण्डल सुदर्शन कुम्भकार ने शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम में महामंत्री किसान मोर्चा दिनेश कौशिक, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी भागवत कौशिक, प्रबंधक मनोज यादव सहित क्षेत्र के समस्त किसान गण उपस्थित थें। गुरूवार को पहला दिन 3800 कट्टा तौल के टोकन कटा है, जिसमें ज्यादातर ऑनलाइन काटा गया है, जिसमे राज्य सरकार ने इस बार 100 प्रतिशत ऑनलाइन टोकन सुविधा प्रदान किया गया।




## अशोका पब्लिक स्कूल में मना बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के प्रतिष्ठित अशोका पब्लिक स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू के जयंती को बाल दिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं स्कूल के सभी क्लास के प्राइम मिनिस्टर, डिप्टी प्राइम मिनिस्टर एवं सभी क्लास के चीफ मिनिस्टर (कक्षा प्रतिनिधि) द्वारा चाचा नेहरू के चैलचित्र में माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के डायरेक्टर पवन देवांगन ने सभी बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें हमेशा बच्चों जैसे ही मुस्कुराते हुए सभी परेशानियों का सामना करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल के डायरेक्टर पवन देवांगन, सारिका देवांगन, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन, ज्ञानेश्वर साहू सहित स्कूल के प्राइम मिनिस्टर गीतेश, डिप्टी पीएम तृप्ति व मानस शर्मा एवं सभी क्लास के सीएम तथा समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### सिंघनपुरी-गोछिया स्कूल में बाल मेला उत्सव



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड सहसुपर लोहारा संकुल बाजार चारभाठा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला सिंघनपुरी-गोछिया मे बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू के तैलचित्र की पूजा अर्चना तथा पुष्प माला अर्पित कर उनके जीवनी के बारें में बच्चो को बताया गया। उसके बाद शाला बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यजनों का स्टॉल लगाया गया। वहीं दोनो शाला के विद्यार्थियों द्वारा स्टॉल में गुपचुप, समोसा, गुजिया, आलू चिप्स, सलौनी, मिठाई, मिर्ची भजिया, गुलाब-जामुन आदि अनेक प्रकार के लगभग 20 दुकान लगाने गए थे। इस आयोजन मे दोनो शाला के शिक्षक अजय कौशिक, राजेश कुम्भकार, श्रीमती रामफल, अनुज पटेल, सूर्यकांत कुम्भकार, श्रीमती हेमा नेताम, श्रीमती रामेश्वरी उइके साथ ही सदस्यगण ब्रम्हा कौशिक, चेतन मरकाम, भुनेश्वर साहू, चेतन कौशिक, रूपेन्द्र कौशिक, तारन, नेहरू, विनोद एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थें। प्रधान पाठक राजेश कुम्भकार ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# गोयल दाल मिल, श्रीराधे मिनरल्स, फर्स्ट क्राय प्री स्कूल ने किया जीत से आगाज

## कलेक्टर और एसपी ने किया अग्रसेन प्रीमियर लीग का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अग्रसेन प्रीमियर लीग शिवनाथ वाटिका में भव्य शुभारंभ समाजसेवी विनोद लोहिया, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, समाजसेवी संतोष अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि शरद अग्रवाल तथा अनुराग अग्रवाल भगवान अग्रसेन को दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

अंकुश अग्रवाल अध्यक्ष, तपन जिंदल सचिव, प्रतीक अगवाल कोषाध्यक्ष ने जानकारी देते बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिदिन तीन मैचो का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के पहले दिन पहला मैच गोयल दाल मिल विरूद्ध श्रीराम इण्डस्ट्रीज के बीच खेला गया। जिसमें गोयल दाल मिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का चयन किया। जिसमें राम इण्डस्टीज ने कुल 8 ओवर में 87 रन बनाकर 88 रनों का लक्ष्य गोयल दाल मिल को दिया, जिसे गोयल दाल मिल की टीम ने 5.2 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें कप्तान विजय गोयल ने अकेले 40 रन का योगदान केवल 15 गेद पर दिया। जिसके कारण उन्हें मैन आफ द मैच का खिताब भी दिया गया। दिन का दूसरा मैच फ्रर्स्ट क्राय (प्री स्कूल) विरूद्ध सुरेश ब्रदर्स खेला गया। जिसमें फ्रर्स्ट क्राय(प्री स्कूल) ने पहले गेंदबाजी का चयन किया तथा विरोधी टीम को निर्धारित ओवर में 71 रन पर रोक दिया तथा बल्लेबाजी करते फ्रर्स्ट क्राय(प्री स्कूल) की टीम ने वैभव अग्रवाल (कल्ला) के शानदार बल्लेबाजी के दम पर लक्ष्य को मात्र 6 ओवर में हासिल कर जीत दिला दिया। तीसरा मैच अपना मार्ट विरूद्ध श्री राधे मिनरर्ल्स खेला गया। जिसमें राधे मिनरल्स ने पहले गेंदबाजी करते 73 रन पर रोक दिया तथा 6 ओवर में लक्ष्य को आसानी से जीत हासिल की। जिसमें कोर्णाक अग्रवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते 4 छक्के, 2 चौके की मदद से 37 रन बनाकर नाबाद रहे तथा मैन आफ द मैच की ट्रॉफी संजय अग्रवाल जिला कलेक्टर के हाथों से प्राप्त किया।




इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु मुख्य प्रायोजक सन ग्रुप के रचित शशांक अग्रवाल एवं अखिल भारतीय युवा सम्मेलन की युवा ईकाई ने जोरशोर से अपना योगदान प्रदान कर रही है। जिसमें विकास गोयल, आशीष अगव्राल, अमित अग्रवाल, निकुज सिंघल, सीए विनोद अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, कृष्णा लोहिया, भावेश अग्रवाल, अवंत अग्रवाल, सीए नमन पोददार, अतुल अग्रवाल, डॉ.शिरीष अग्रवाल, मयंक रूगंटा , गौरव अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, अमिल अग्रवाल, अंकित लोहिया, सौरभ सिंघल, सिद्धार्थ अगव्राल, आशुतोष अग्रवाल, वैभव अग्रवाल कर रहे। आज का मैच सुरेश ब्रदर्स विरूद्ध अपना मार्ट, गोयल दाल मिल विरूद्ध श्री राधे मिनरल्स एवं फ्रर्स्ट क्राय(प्री स्कूल) विरूद्ध श्री राम इण्डस्टीज के बीच मैच होना है। यह जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी राहुल अग्रवाल तथा नमन पोददार ने दी ।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में कृषक उन्नति योजना तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का काम 14 नवम्बर से प्रारम्भ हो गया। धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचे किसानों को मुंह मीठा कराकर और तौल बाट की पूजा अर्चना कर खरीदी की शुरूआत की गई। खरीदी केन्द्रों में आने वाले किसान में मेहनत का वाजिब दाम मिलने से खुश दिखे। जिले में सहकारी समितियों में बनाए गए खरीदी एवं उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए व्यापक प्रबंध किया गया हैं और सुविधाओं का ध्यान रखने साथ धान खरीदी पूरी पारदर्शिता और शासन के नियमों के दायरे में हो इसके लिये कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने पिपरिया, भूलाटोला और गोपालपुर धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आए किसानों से चर्चा की। कलेक्टर ने उनसे धान उपार्जन केंद्र में लाये गये धान की मात्रा, धान का उत्पादन, धान का समर्थन मूल्य इत्यादि के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने माइश्चर मीटर से धान की नमी भी जांच की। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा हेतु स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने हेतु छायादार स्थान, त्रुटिरहित धान खरीदी हेतु कांटा-बांट अथवा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का सत्यापन आदि का जायजा लिया और उपार्जन केंद्रों में कैप कवर, बारदाने की व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्र में उपस्थित रहकर धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने कहा। खरीदी की सतत निगरानी रखने और कोचियों, बिचौलियों पर अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने कहा। इस दौरान प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सहायक पंजीयक रघुराज ठाकुर सहित नोडल अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## भारतीय राजनीति में दबाव समूह की अहम भूमिका : संगीता



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राजनांदगांव के राजनीति विज्ञान विभाग में प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में 8 नवंबर को प्रमिला गोकुलदास डागा महिला महाविद्यालय रायपुर की प्राचार्य डॉ. संगीता घई विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित हुई। उन्होंने भारतीय राजनीति में दबाव समूह की उपस्थिति एवं उसके प्रभाव पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। उन्होंने दबाव समूह के बारे में बताया कि इस समूह में हम अपनी मांग डिमांड के लिए कार्य करते हैं। यह समूह अमेरिका में शुरूआत हुई, यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में कार्य करते हैं। भारत जैसे देश में दबाव समूह ज्यादा बनते हैं। प्रशासनिक और राजनीतिक में ये प्रभावशाली कार्य करते हैं। ये व्यापार संघ में योगदान देते हैं और कृषि व्यवस्था के संचालन के लिए उनके हितों की मांग के लिए कार्य करते हैं। कार्यक्रम का संचालन संजय सप्तर्षि द्वारा एवं अतिथि वक्ता का परिचय डॉ. अंजना ठाकुर द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन डॉ. अमिका बख्शी ने किया। इस व्याख्यान में विभाग के प्राध्यापक राजकुमार बंजारे एवं दीपक कुमार के साथ विभाग में एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं लाभांवित हुए।

# ईपीएफ की राशि का गबन, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री शिक्षण समिति के कर्मचारियों के ईपीएफ की राशि का गबन करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ब्रिजकिशोर सुरजन 63 साल निवासी चेयरमैन गायत्री शिक्षण समिति राजनांदगांव द्वारा आरोपी उत्तम विश्वास के विरूद्ध 4048806 रुपए गबन करने के संबंध में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर बताया कि गायत्री शिक्षण समिति के तत्कालीन हेड एकाउटेंट उत्तम विश्वास द्वारा संस्था के कर्मचारियों का ईपीएफ राशि को वर्ष 2019 से फर्जी दस्तावेज तैयार कर तथा फर्जी क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर विद्यालय के पंजाब नेशनल बैंक के खाता से 4048806 रुपए का गबन कर अपने एक्सिस बैंक तथा बैंक ऑफ बडौदा के एकाउंट में निजी उपयोग हेतु ट्रांसफर कर अपने एसबीआई खाता का क्रेडिट कार्ड का भुगतान करना बताया।

रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध 4 जून को थाना कोतवाली में धारा 408, 420, 467, 468, 471 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से टीम गठित कर आरोपी की लगातार तकनीकी सहायता एवं मुखबीर की सूचना पर पतासाजी कर 14 नवंबर को भिलाई-दुर्ग से घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। थाना लाया गया, पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपराध कबूल करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। आरोपी घटना बाद लगातार फरार था, जिसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया गया।

# विद्यार्थियों ने सीखा ड्रोन बनाना



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मेनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी रायपुर द्वारा ड्रोन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रशिक्षक अतुल चक्रवर्ती एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों को ड्रोन बनाने की पद्धति को सीखाते बताया कि ड्रोन आधुनिक विज्ञान की एक बड़ी खोज है। जिसके सहारे कई महत्वपूर्ण कार्य को सुगमतापूर्वक किया जा सकता है। ड्रोन के पाट्र्स, ड्रोन की कोडिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि देश के महत्वपूर्ण क्षेत्र जैसे मेडिकल, सेना, कृषि आदि विभिन्न क्षेत्रों में इसका प्रयोग कर हम रोजगार भी प्राप्त कर सकते हैं।

विद्यार्थियों द्वारा ड्रोन संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे गए। जिसका समाधान भी विद्यार्थियों को बताया गया। उक्त आयोजन में विमल शर्मा, मनीष सुराना एवं याददास साहू का विशेष सहयोग रहा। अंत में विद्यालय की ओर से अमित उत्तलवार द्वारा श्री चक्रवर्ती एवं उनकी टीम का साहित्य एवं श्रीफल से सम्मान करते आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।


**न्यायालय विवाह अधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**
**फार्म "अ"**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री रिहान फरिश्ता पिता स्व. रफिक फरिश्ता निवासी कलेक्टोरेट के सामने पूनम स्कूल के पास जिला रायपुर एवं कु. किरण सिंह पिता स्व. श्री विजेन्द्र सिंह भारती निवासी शिव मंदिर रोड वार्ड नं. 17 तहसील छुईखदान थाना गंडई जिला खैरागढ़ ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 11 नवम्बर, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

**विवाह अधिकारी**
**रायपुर (छ.ग.)**





**कार्रवाई : समितियों में अवैध धान खपाने कोचिया सक्रिय, जांच टीम ने दबोचा**

# धान खरीदी शुरू होने से पहले पकड़ाया 700 बोरा अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में शासन द्वारा समिति के माध्यम से समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व ही कुछ मौका परस्त अवैध ढंग से समितियों में धान खपाने की जुगत भिड़ाने लगे हैं। जिसकी एक बानगी धान खरीदी प्रारंभ होने से एक दिन पूर्व जिले में देखने को मिली।

यहां जिले के मध्यप्रदेश से लगे सीमावर्ती क्षेत्र चिल्फी में 700 बोरा अवैध धान से भरा एक ट्रक पकड़ा गया है। इस मामले में एक आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व ही शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान की धरपकड़ के लिए बकायदा टीमें गठित की गई है। जिले से होकर गुजरने वाले सभी मागा की सीमाओं पर तैनात की गई है। बताया जाता है कि गुरूवार 14 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली समर्थन मूल्य में धान खरीदी के पूर्व भी बुधवार की रात को जिले के सीमावर्ती थाना क्षेत्र चिल्फी में जांच टीम तैनात थी। इसी दौरान जांच टीम ने धान की बड़ी खेप लेकर जिले में दाखिल हो रहे एक ट्रक को दबोच लिया। जांच के दौरान ट्रक में 700 बोरा धान पाई गई। जिसके संबंध में वाहन के पास कोई दस्तावेज मौजूद नहीं थे। प्रशासन ने इस धान को अवैध मानते हुए जप्त कर लिया वहीं एक आरोपी को भी हिरासत में लिया गया है। जप्त धान की कुल कीमत करीब पांच लाख रूपए बताई जा रही है। इस कार्यवाही में चिल्फी थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर ने कहा, धान का अवैध परिवहन रोकने सीमावर्ती इलाके में चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### उत्तरप्रदेश से लाई जा रही थी धान की खेप



प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक अवैध धान की खेप उत्तर प्रदेश से लाई जा रही थी और इसे राजनांदगांव ले जाया जा रहा था। जहां किसी समिति में इस धान को अवैध ढंग से समर्थन मूल्य में बेंचने की योजना थी। यहां बताना लाजमी होगा कि माना जाता है कि पूरे देश में धान का सबसे अधिक सरकारी समर्थन मूल्य छत्तीसगढ़ राज्य में ही किसानो को दिया जाता है। यहीं वजह है कि यहां बाहरी लोग भी अपनी धान को समर्थन मूल्य में खपाने की जुगत भिड़ाते है और इस बात से भली भांति वाकिफ होने के कारण प्रशासन इसकी धरपकड़ के लिए पहले से मुस्तैद हो जाती है।

# कलेक्टर ने किसानों को तिलक और माला पहनाकर किया धान खरीदी का श्री गणेश

- कलेक्टर ने सलिहा धान खरीदी पहुंचकर धान खरीदी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए निर्धारित की गई तिथि के अनुसार आज 14 नवम्बर को जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया गया। जानकारी के मुताबिक पहलें दिन जिले के 94 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की बोहनी हुई। पहले दिन ही 1189 किसानों को टोकन जारी किए गए, जिनसे 56,520 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा आज धान खरीदी के पहले दिन सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम सलिहा-बचेड़ी में धान खरीदी केंद्र पहुच कर किसानों को माला और तिलक लगाकर स्वागत किया। कलेक्टर ने स्वयं धान तौल का धान खरीद का विधिवत शुभारंभ किया। कलेक्टर ने सलिहा धान उपार्जन केंद्र की पूरी जानकारी ली तथा सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने धान उपार्जन केन्द्र में धान विक्रय करने आएं किसानों से चर्चा की और उनके अनुभवों को भी जाना। जिले में धान खरीदी की शुरुआत से किसानों में उत्साह का माहौल है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले के 108 धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं और संसाधन सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से की जा रही है। जिले के 90 समितियों के माध्यम से 108 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में इस वर्ष कबीरधाम जिले में 07 हजार 280 नए किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इस प्रकार कबीरधाम जिले के 01 लाख 24 हजार 787 किसानों ने 01 लाख 24 हजार 411 हेक्टेयर रकबा में अपना धान का समर्थन मूल्य में विक्रय करने के लिए पंजीयन कराया है। मोदी की गारंटी में प्रदेश सरकार द्वारा 3100 प्रति क्विंटल की मान से एक एक? में 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। जिले के सभी 108 धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करने और धान खरीदी सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने धान खरीदी की तैयारियों के लिए 35 बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए चेकपोस्ट बनाएं गए है। जहां आने जाने वाले सभी वाहनों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। कबीरधाम जिले के 108 धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केंद्रों पर छाया, पेयजल, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों को धान बेचते समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन ने इस बात का भी ध्यान रखा है कि किसानों को लंबी कतारों में इंतजार न करना पड़े, जिसके लिए केंद्रों पर व्यवस्थापक और अन्य कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा धान को सुरक्षित रखने और नमी की जांच के लिए इलेक्ट्रॉनिक मापदंडों का भी उपयोग किया जा रहा है।

### खबर संक्षेप

## आवेदन पत्रों की सूची जिले के वेबसाइट मे अपलोड

**कवर्धा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र में कर्मचारियों के संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन मंगाएं गए थे। प्राप्त आवेदनों के प्रथम स्कूटन पश्चात पात्र, अपात्र, अमान्य आवेदन पत्रों की सूची जिले के वेबसाइट मे अपलोड कर दिया गया है। पात्र, अपात्र, अमान्य आवेदन के संबंध में जिस किसी आवेदनकर्ता को आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति 18 नवंबर 2024, सोमवार, दोपहर 12 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग में स्वयं उपस्थित होकर, रजिस्टर्ड डाक, ई-मेल आईडी एवं व्हाट्सअप नंबर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। अभ्यार्थि पात्रता, अपात्रता या अन्य किसी बिंदुओ पर दावा, आपत्ति हो, तो सप्रमाण निर्धारित अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि नवीन दस्तावेज, प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यद्यपि पूर्व में प्रस्तुत प्रमाण पत्रों की पुष्टि मे कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो चयन समिति उक्त पर विचार कर उचित निर्णय ले सकेगी।

# गस्त के दौरान वन विभाग ने जब्त की 61 साल चिरान, एक आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया पश्चिम के वन अमले ने ईमारती लकड़ी से भरे एक वाहन को जप्त कर 61 नग कुल 0.575 धन मीटर साल चिरान जप्त की है। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पंडरिया पश्चिम के वन अमला द्वारा शशिकुमार वनमण्डलाधिकारी कवर्धा के निर्देशानुसार, सुयश धर दीवान उपवनमण्डलाधिकारी पंडरिया के मार्गदर्शन में वन अपराध को रोकने की जा रही कार्यवाही के तहत बीती रात मध्यप्रदेश सीमा से आ रही एक वाहन को शंका के आधार पर जांच के लिए रोका गया। लेकिन वाहन चालक द्वारा वाहन को रोकने की बजाए उसे तेजी से ग्राम कुई की ओर लेकर भागने लगा। जिसे वन अमला द्वारा पीछा करते हुए शासकीय हाई स्कूल कुई के पास पकड़ा गया। पकड़े गए वाहन की जांच के दौरान उसमें साल चिरान 61 नग कुल 0.575 घन मीटर भरा गया। जिसे विभाग ने जप्त कर वाहन चालक के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20008/20 दर्ज कर, वाहन को राजसात करने की कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में मनोज धुर्वे, बीएफओं, सुदर्शन साहू बीएफओ, संतोष नेताम सीएफओं की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### जिले में धड़ल्ले से चल रही कुल्हाड़ी

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के लोहारा, पंडरिया, चिल्फी, बोड़ला, रेंगाखार जंगल सहित अन्य ईलाकों के जंगलों में लगातार कीमती ईमारती प्रजाति के हरे भरे पेड़ों में धड़ल्ले से कुल्हाड़ी चलने की शिकायतें लगातार मिल रही है। लेकिन वास्तविकता ये है कि व विभाग इस अवैध कटाई को रोक पाने में पूरी तरह से नकाम साबित हो रहा है। आरोप तो यह भी है कि इस अवैध कटाई के कृत्य में कुछ विभिन्न राजनैतिक दलों से ताल्लुख रखने वाले लोग भी सामिल है। शायद यही वजह है कि विभाग इन पर हांथ डालने से कतरा रहा है। हां इतना जरूर है कि अवैध कटाई के बाद इस तरह की कुछ जप्ती बनाकर जरूर खाना पूर्ति की जा रही है। लेकिन जिले के जंगलों को बचाने की दिशा में विभाग की यह मुंह देखी कार्यवाही नकाफी है।

## धान खरीदी का शुभारंभ...



कवर्धा। पहले दिन केन्द्रों में धान बेंचने पहुंचे किसानो का कलेक्टर ने माला पहनाकर किया स्वागत सत्कार।

### निधन

## श्रीमती कलाबाई चन्द्रवंशी



**कवर्धा।** जिले के ग्राम नेवारीगुढ़ा निवासी प्रतिष्ठित नागरिक एवं सुभाष चंद्र तथा लालबहादुर चन्द्रवंशी की माता श्रीमती कलाबाई चन्द्रवंशी का गत 11 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया वे करीब 80 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिजनो, समाज के लोगों तथा ग्रामीणों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जनजातीय नायक पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के शसकीय हाई स्कूल छिरहा में जन जातीय गौरह माह के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जनजातीय नायक विषय पर आधारित आकर्षक रंगोली बनाया, जिसमें शहीद वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा, वीर गुण्डाधुर, क्रांतिकारी भागोजी, गैदसिंह सहित अन्य जनजातीय नायकों को दर्शाया गया। रंगोली प्रतियोगिता में दसवीं की छात्रा पलक निराला ने प्रथम एवं पायल धुर्वे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। जनजातीय समाज के महापुरुषों का आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जनजातीय समाज ने प्रकृति के संरक्षण का मार्ग दिखाया है, जो अनुकरणीय है। इस दौरान प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, वीणाक्षी नामदेव, रंजीता माहेश्वरी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की घोषणाओं पर किया जा रहा त्वरित अमल

- ग्राम दौजरी में मिनी स्टेडियम कार्य का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की घोषणाओं पर त्वरित अमल किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान कवर्धा विकासखंड के ग्राम दौजरी में 52 लाख रूपए लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा किए थे। आज ग्राम दौजरी में 52 लाख रूपए की लागत से बनने वाले मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के साथ ही इसकी निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर चंदन पटेल, पंचराम कोसले, भोलाराम चंद्रवंशी, सरपंच पंचराम साहू, नागेश्वर जयसवाल, रोहित नाथ योगी, मिथलेश बंजारे, मीनूराम साहू, वीर सिंह पटेल, रामलाल साहू, जगेश्वर पटेल सहित नवनियुक्त सब इंस्पेक्टर, ग्रामवासी उपस्थित थे। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मिनी स्टेडियम बनने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी, जो उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद करेंगी। मिनी स्टेडियम का निर्माण न केवल क्षेत्र के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए एक उचित मंच प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं में खेल के प्रति रुचि को भी बढ़ावा देगा। इस मिनी स्टेडियम निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने और नई पीढ़ी को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके साथ ही, यह स्थानीय खेल आयोजनों और प्रतियोगिताओं के आयोजन में भी सहायक होगा, जिससे क्षेत्र का सामाजिक और सांस्कृतिक विकास भी होगा। क्षेत्रवासियों ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का क्षेत्र के समग्र विकास में एक सकारात्मक योगदान है, जो स्थानीय समुदाय में उत्साह और प्रेरणा को बढ़ा रही है।




## अधिकारियों को किया गया नियुक्त

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने नगर पालिका परिषद कवर्धा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार कवर्धा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपील अधिकारी कलेक्टर और अपर कलेक्टर कबीरधाम होंगे।




**एनएसयूआई ने उच्च स्तरीय जांच के लिए सौंपा ज्ञापन**

# पीजी कॉलेज में लाखों की अनियमितता, छात्रों ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में तथा कथित लाखों के भ्रष्टाचार के मामले को लेकर गुरूवार को उच्चतरीय जांच की मांग को लेकर एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष शितेष चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के माध्यम से सचिव उच्च शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर एनएसयूआई अध्यक्ष शितेष चंद्रवंशी ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश के दौरान छात्रों के द्वारा जमा की गई महाविद्यालयीन व जनभागीदारी शुल्क की राशि में लाखों का भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि इस बात की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य को होने के बावजूद, यदि शुल्क को महाविद्यालय के खाते में जमा नहीं किया गया था तो प्राचार्य द्वारा कोई कार्यवाही क्यों नहीं की गई। उन्होने कहा कि प्राचार्य की इस गैरजिम्मेदारी से बड़े भ्रष्टाचार की आशंका है। उन्होने कहा कि इस घपले के बाद कुछ महिने से आरोपी अकाउंटेंट अनुपस्थित चल रहा था, बायोमेट्रिक मशीन से इसकी जांच कराकर इसकी पुष्टि की जा सकती है। लेकिन इस विषय पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। उन्होने कहा कि महाविद्यालय में अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी प्राध्यापक व कर्मचारियों के वेतन का भुगतान 2 से 3 महिनो तक लंबित होता रहा, जिसकी संपूर्ण जानकारी प्राचार्य को होने के बावजूद न इस विषय पर कोई संज्ञान लिया गया और न ही सम्बंधित अकाउंटेंट पर कोई कार्रवाई की गई, यदि पूर्व में कार्रवाही कर दी गई होती तो आज यह स्थिति निर्मित नहीं होती, जिससे स्पष्ट हो रहा है कि यह भ्रष्टाचार मिलीभगत से किया गया है। एनएसयूआई अध्यक्ष ने मांग करते हुए कहा कि महाविद्यालय के सभी खातों का बैंक स्टेटमेंट निकलवाकर लेनदेन की जांच कराई जाए व प्रशासन द्वारा प्राचार्य, सम्बंधित अकाउंटेंट व अन्य संलिप्त कर्मचारियों पर तुरंत निलंबन की प्रक्रिया कर अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की जाए। एनएसयुआई ने चेतावनी दी है कि अगर इस भ्रष्टाचार के मामले में जांच व दोषितयों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।



